इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता (Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमंत साहू)
सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता...



वर्ष- 44 | अंक - 306 | राजनांदगांव, गुरूवार 25 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

चतुर्थ : मां कूष्माण्डा



## लेह-लद्दाख आंदोलन उग्रः बीजेपी कार्यालय पर हमला, पत्थरबाजी कर गाड़ियां फूंकी; सोनम वांगचुक ने अनशन तोड़ा

नई दिल्ली। लद्दाख में पूर्ण राज्य का दर्जा और संवैधानिक अधिकारों की बहाली के लिए पिछले 15 दिनों से चल रहा आंदोलन बुधवार को अचानक उग्र हो गया। लेह में युवाओं ने बीजेपी कार्यालय के बाहर न सिर्फ प्रदर्शन किया, बल्कि पत्थरबाजी करते हुए वाहनों में आगजनी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। सरकार ने अब यहां के नेताओं से बात करने के लिए बैठक बुलाई है।

प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को लेह स्थित बीजेपी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के रोकने पर वे उग्र हो गए और पथराव शुरू कर दिया। उन्होंने पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। इसके बाद, प्रदर्शनकारियों ने लेह हिल काउंसिल की इमारत पर भी पथराव किया। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।





### क्यों भड़का गुस्सा?

प्रदर्शनकारियों की तीन मुख्य मांगें हैं। इनमें लद्दाख को पुनः पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने, संवैधानिक अधिकारों की बहाली, विशेषकर छठी अनुसूची के तहत संरक्षण के साथ स्थानीय रोजगार, पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा करना शामिल है।

### सोनम वांगचुक का समर्थन

इस आंदोलन को प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का भी समर्थन प्राप्त है, जो पिछले कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। प्रदर्शन के दौरान दो महिला प्रदर्शनकारी बीमार पड़ गईं, जिनके अस्पताल में भर्ती होने के बाद प्रदर्शन और उग्र हो गया।

### सरकार ने बुलाई बैठक

केंद्र सरकार ने स्थिति को देखते हुए 6 अक्टूबर को लद्दाख प्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलाई है। इसमें लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के सदस्य भाग लेंगे। कारगिल डेमोक्रेटिक फ्रंट के नेता सज्जाद कारगिली ने एक्स पर बयान जारी करते हुए कहा - लद्दाख कभी शांतिपूर्ण था, लेकिन अब केंद्र के असफल प्रशासनिक प्रयोग की वजह से हताशा और असुरक्षा की भावना से ग्रस्त है। उन्होंने सरकार से संवेदनशीलता और समझदारी से मुद्दे को हल करने की अपील की है। बता दें कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर सैकड़ों छात्र सड़कों पर उतर गए। वे अपनी राज्य की मांग पर अड़े रहने के लिए भूख हड़ताल कर रहे हैं और आज पूर्ण बंद का आह्वान किया।

## पहलगाम हमले में आतंकियों की मदद करने वाला आरोपी मोहम्मद यूसुफ गिरफ्तार



जम्मू। पुलिस ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को कथित तौर पर रसद सहायता प्रदान की थी। एक अधिकारी ने बताया कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर श्रीनगर पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले से एक ओवरग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान मोहम्मद यूसुफ कटारी (26) के रूप में हुई है। वहीं, कुलगाम जिले के ब्रिनाल वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने कहा कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान करने में उसकी भूमिका थी, जो बाद में ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए थे। 29 जुलाई को हुई मुठभेड़ में, सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो ने श्रीनगर के बाहरी इलाके में तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। इनमें सुलेमान उर्फ आसिफ भी शामिल है, जिसे 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। अन्य दो की पहचान जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। जिब्रान अक्टूबर 2024 में सोनमर्ग सुरंग हमले में शामिल था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्र सरकार ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान का बढ़ाया कार्यकाल

नई दिल्ली। केंद्र सरकार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को सीडीएस जनरल अनिल चौहान के कार्यकाल को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। अब वे 30 मई 2026 तक या अगले किसी भी आदेश तक सीडीएस और सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के सचिव के पद पर बने रहेंगे। जनरल अनिल चौहान को सितंबर 2022 में देश का दूसरा सीडीएस नियुक्त किया गया था।

रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सरकार ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत जनरल अनिल चौहान के सेवा विस्तार को 30 मई 2026 तक या अगले आदेश तक के लिए मंजूरी दे दी है।

## भूपेश के बेटे को हाईकोर्ट से फिर झटका, जमानत याचिका खारिज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से एक बार फिर झटका लगा है। चैतन्य द्वारा एसीबी की गिरफ्तारी से बचने लगाई गई अग्रिम जमानत याचिका को जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच ने खारिज कर दिया है। उधर ईडी द्वारा दर्ज एफआईआर और कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब चैतन्य की गिरफ्तारी की आशंका बढ़ गई है। बतादें कि चैतन्य बघेल ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की संभावित गिरफ्तारी से बचने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। इससे पहले भी उनकी याचिका खारिज हो चुकी थी, तब कोर्ट ने उन्हें छूट (लिबर्टी) देते हुए पहले एसीबी कोर्ट जाने कहा था। एसीबी कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद चैतन्य ने दोबारा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन यहां भी राहत नहीं मिल सकी। इस बहुचर्चित मामले में शासन की ओर से सीनियर एडवोकेट महेश जेठमलानी और अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा।

## राजीव गांधी जातिविहीन समाज चाहते थे, लेकिन, राहुल गांधी के जाति जनगणना वाले बयान पर बीजेपी का पलटवार

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तरफ से अति पिछड़ा न्याय संकल्प दस्तावेज और उत्तर प्रदेश में जाति आधारित आंदोलनों पर रोक को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार पलवार किया है। भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को उकसाने वाले बयान देने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की तरफ ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे हैं। वो कहते हैं कि जाति आधारित आंदोलन नहीं होने दिए जाते, लेकिन उनके पिता (राजीव गांधी) जातिविहीन समाज चाहते थे और अब ये जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे हैं।

संबित पात्रा ने आगे कहा कि अगर गरीबों को संविधान के अनुसार उनके अधिकार मिल रहे हैं तो आंदोलन की जरूरत क्या है? राहुल गांधी कभी हाइड्रोजन की बात करते हैं, कभी यूरेनियम बम की। उन्हें ऐसे भड़काऊ बयान नहीं देने चाहिए। इसके साथ ही इस दौरान पात्रा ने तंज कसते हुए कहा कि नेपो किड्स कितनी भी कोशिश कर लें, कोई पीढ़ी उन्हें पसंद नहीं करेगी।



### राहुल ने अपने बयान में क्या कहा था?

बता दें कि इससे पहले अपने बिहार दौरे पर राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर कई सारी बातें कही थी। उन्होंने था कहा कि देश में आज भी दलित, आदिवासी, पिछड़े, अति पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी नहीं मिलती। उन्होंने जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराते हुए कहा कि इससे देश को सच्चाई का पता चलेगा कि इन वर्गों की जनसंख्या कितनी है।

इसके साथ ही राहुल गांधी ने अपने संबोधन के दौरान उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि वहां जाति आधारित आंदोलनों की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ वो सोच है जो जाति आधारित आंदोलनों को दबाती है, दूसरी ओर हमारी सोच है जो अति पिछड़ों को एक दृष्टि देना चाहती है। दूसरी ओर भाजपा नेता संबित पात्रा ने लेह में बुधवार को हुए प्रदर्शनों को लेकर भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वोट चोरी पर चुनाव आयोग का ई-लॉक, वोटर लिस्ट से नाम हटाने की गड़बड़ी रोकने के लिए शुरू किया नया सिस्टम

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया में गड़बड़ी रोकने के लिए नया ई-वेरिफिकेशन सिस्टम लागू किया है। अब कोई भी व्यक्ति यदि नाम हटाने या शामिल करने पर आपत्ति जताएगा, तो उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। इस कदम का उद्देश्य फर्जी आवेदन रोकना और वोटर लिस्ट को सही-सही बनाए रखना है।




ईसी अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में लोग आपत्ति दर्ज कराते समय किसी और का नाम और मोबाइल नंबर डाल देते थे। इससे गलत नाम हटाने की कोशिशें होती थीं। नया सिस्टम इस दुरुपयोग को रोकने में मदद करेगा। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह कदम किसी खास घटना के बाद नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है। कर्नाटक की अलंद विधानसभा क्षेत्र में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के 6,018 आवेदन ऑनलाइन आए थे। इनमें से केवल 24 ही सही पाए गए, जबकि 5,994 आवेदन गलत निकले। आयोग ने सही पाए गए 24 आवेदन स्वीकार किए और बाकी को खारिज कर दिया। ईसी ने साफ किया कि फॉर्म-7 भरने से नाम अपने आप नहीं हटता, बल्कि सत्यापन प्रक्रिया के बाद ही फैसला लिया जाता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने वोट चोरी पर ताला तभी लगाया जब उन्होंने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मुख्य चुनाव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गडकरी बोलेः सरकार को किसानों का समर्थन करने की जरुरत, फसलों की कीमतें वैश्विक कारकों से होती हैं निर्धारित

नई दिल्ली। सरकार को उन किसानों का समर्थन करने की जरूरत है जिन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता क्योंकि फसलों की कीमतें वैश्विक कारकों से निर्धारित होती हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को यह बात कही।



भारत जैव-ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण% को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी की कीमत ब्राजील, तेल की कीमत मलेशिया, मक्का की कीमत अमेरिका और सोयाबीन की कीमत अर्जेंटीना की ओर से निर्धारित होती है।

मंत्री ने कहा, हम ग्रामीण और आदिवासी भारत में गरीबी और बेरोजगारी की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, क्योंकि किसानों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में अच्छी कीमतें नहीं मिल रही हैं। गडकरी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी कृषि गतिविधियों में लगी हुई है। लेकिन देश के सकल घरेलू उत्पाद में उनका योगदान केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, इसलिए, इस परिदृश्य में, हमारी ग्रामीण कृषि और जनजातीय अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए, हमें कृषि को समर्थन देने की आवश्यकता है... जो उपभोक्ता, देश और आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री ने बताया कि जब सरकार ने मक्के से बायो-एथेनॉल के उत्पादन की अनुमति दी तो मक्के की कीमत 1,200 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। उन्होंने कहा, इसलिए किसानों को कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। गडकरी के अनुसार, किसानों ने मक्के से इथेनॉल का उत्पादन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली में बनेंगे 53 फास्ट ट्रैक कोर्ट, महिलाओं-बच्चों को जल्दी मिलेगा न्याय

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिलाओं और बच्चों को जल्दी न्याय दिलाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राजधानी में 53 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट बनाए जाएंगे, जिससे महिलाओं-बच्चों के खिलाफ अपराधों से जुड़े मामलों का जल्द निपटारा होगा। सीएम रेखा गुप्ता की सरकार ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। इन अदालतों में बलात्कार और पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों की सुनवाई की जाएगी, जिससे महिलाओं और बच्चों को जल्दी न्याय मिलेगा।

अभी के समय में दिल्ली के अंदर 16 फास्ट ट्रैक अदालतें अस्थायी रूप से काम कर रही हैं। इन अदालतों को स्थायी रूप से स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा 37 नए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट बनाए जाएंगे, जिससे कुल अदालतों की संख्या 53 हो जाएगी। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि फास्ट ट्रैक अदालतों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कानून विभाग ने इस पर दिल्ली हाईकोर्ट से भी सलाह ली, जिस पर कोर्ट ने 37 नई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू-कश्मीर की चार राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान, 2021 से हैं खाली

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर की खाली पड़ी चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव का एलान कर दिया है। आयोग ने इससे जुड़ी जानकारी साझा करते हुए कहा कि चारों सीटों पर मतदान और मतगणना 24 अक्तूबर को ही पूरी कर ली जाएगी। गौरतलब है कि यह चारों सीटें फरवरी 2021 से ही खाली पड़ी हैं। जम्मू-कश्मीर के अलावा पंजाब की एक खाली पड़ी राज्यसभा सीट पर चुनाव होगा। यह सीट इसी साल जुलाई में सांसद संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। उन्होंने पंजाब विधानसभा का चुनाव जीत लिया था, जिसके बाद उन्होंने सांसद पद छोड़ दिया था। राज्यसभा में उनका कार्यकाल 9 अप्रैल को अपने आप ही खत्म हो जाता। दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर में फरवरी 2021 से ही राज्यसभा सीटें खाली थीं। 15 फरवरी 2021 को संसद के उच्च सदन से गुलाम नबी आजाद और नजीर अहमद लवाय का कार्यकाल खत्म हो गया था। वहीं, दो और सांसदों- फयाज अहमद मीर और शमशेर सिंह मन्हास का कार्यकाल 10 फरवरी 2021 को पूरा हुआ था।



ईसी ने बताया कि चुनाव का नोटिफिकेशन 6 अक्तूबर को जारी होगा। वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 13 अक्तूबर रहेगी। नामांकन की जांच 14 अक्तूबर तक की जाएगी। उम्मीदवार चाहें तो 16 अक्तूबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं। ईसी के मुताबिक, 24 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान का समय तय किया गया है। इसके बाद शाम 5 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी।

## पीएम मोदी जी के विज़न के साथ कदमताल करते हुए छत्तीसगढ़ विकसित भारत का हिस्सा बनेगा - सीएम साय

### छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट- स्वास्थ्य, वेलनेस और पर्यटन निवेश का नया युग

### छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट में 3,119 करोड़ का निवेश प्रस्ताव, 7000 से अधिक रोजगार के अवसर होंगे सृजित

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ अब केवल कोर सेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में यह वेलनेस, हेल्थकेयर और पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज ओमाया गार्डन, रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन की शुरुआत शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाओं से की और कहा कि यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने अर्थव्यवस्था को सरलता, पारदर्शिता और तेजी की दिशा में आगे बढ़ाया है। इस सुधार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोले हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विज़न के साथ कदमताल करते हुए प्रदेश सरकार ने विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को साकार करने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष में 350 से अधिक सुधार लागू किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब हम इज ऑफ डूइंग बिज़नेस से आगे बढ़कर स्पीड आफ डूइंग बिज़नेस के युग में प्रवेश कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नई औद्योगिक नीति छत्तीसगढ़ की प्रगति की आधारशिला है। इसी नीति ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है और यही कारण है कि मात्र एक वर्ष के भीतर प्रदेश को लगभग साढ़े 7 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन प्रस्तावों से लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और सेवा क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट में अस्पतालों और हेल्थकेयर क्षेत्र में 11 बड़े प्रस्ताव सामने आए हैं। इनमें रायपुर का गिन्नी देवी गोयल मणिपाल हॉस्पिटल (500 बेड), नीरगंगा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (450 बेड), बॉम्बे हॉस्पिटल (300 बेड) और माँ पद्मावती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (750 बेड) जैसे बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कुल मिलाकर 2,466 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है, जिससे लगभग 6,000 नए रोजगार सृजित होंगे।




### मेडिसिटी से बनेगा मेडिकल हब

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नवा रायपुर में विकसित हो रहा मेडिसिटी छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर का बड़ा मेडिकल हब बनाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी यहां मरीज आते हैं। मेडिसिटी के निर्माण से स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी और विश्वस्तरीय सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फार्मा सेक्टर में भी निवेश की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार फार्मा हब तैयार कर रही है, जहां एक ही स्थान पर अनेक फार्मा इंडस्ट्री अपना संचालन करेंगी। इससे प्रदेश में दवा उद्योग को नई दिशा मिलेगी और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के लिए आवश्यक दवाओं की आसान आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### होटल और पर्यटन क्षेत्र में निवेश

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और जैव विविधता पर्यटन उद्योग के लिए अपार अवसर प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम में होटल और पर्यटन क्षेत्र से भी 652 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें वेस्टिन होटल रायपुर (212.7 करोड़ रुपये), होटल जिंजर, इन्फेरियन होटल एंड रिसॉर्ट, अम्यूज़ोरामा अम्यूज़मेंट पार्क एंड होटल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

### पर्यटन को उद्योग का दर्जा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है और इससे निवेशकों को विशेष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि होटल, रिसॉर्ट, होम स्टे और मनोरंजन उद्योग से जुड़े उद्यमी प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और प्रकृति का लाभ उठाकर पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएं।

### निवेश प्रक्रिया की सरलता

मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सिंगल विंडो 'वन क्लिक' सिस्टम लागू है, जिसके कारण किसी भी उद्यमी को एनओसी के लिए भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट के बाद पालीमैटेक कंपनी को तीन माह से भी कम समय में भूमि आवंटन और सभी स्वीकृतियाँ प्रदान कर दी गईं और उन्होंने 1,100 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर कार्य आरंभ कर दिया।

### नई तकनीक और एआई सेक्टर

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ एआई क्रांति का भी स्वागत कर रहा है। नवा रायपुर में एआई डाटा सेंटर पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जो भविष्य में प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा मैनेजमेंट का हब बनाएगा। यहां डाटा सेंटर से जुड़े उद्योगों के लिए निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

### पावर हब की ओर कदम

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में ऊर्जा सबसे आवश्यक तत्व है। छत्तीसगढ़ देश का पावर हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कोयला, खनिज और ऊर्जा उत्पादन में छत्तीसगढ़ की भूमिका पहले से ही महत्वपूर्ण रही है और आने वाले वर्षों में यह योगदान और भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सेंट्रल इंडिया लोकेशन इसे विशेष बनाती है। कच्चे माल की प्रचुर उपलब्धता, रेल, सड़क (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पदयात्री मार्ग में अंधेरा, वाहनों की तेज रफ्तार से जान का खतरा



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि में इन दिनों मौसम मे अचानक उलटफेर होने से बारिश-पानी का माहौल बना हुआ है। इससे बाद भी मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों में कमी नहीं आई है। पदयात्री बारिश में भीगते हुए जान जोखिम में लेकर मातारानी के दरबार में मत्था टेकने के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें पदयात्रा के दौरान उन्हें तेज रफ्तार से दौड रही वाहनों का अत्यधिक खतरा बना हुआ है वहीं यात्रा मार्ग में सड़क बत्तियों के बंद होने से अंधेरे में उन्हें जान का खतरा महसूस हो रहा है। इसके बावजूद रास्ते में आ रही कई तरह की कठिनाईयों को पार करते हुए जान हथेली में लेकर पदयात्री जैसे-तैसे मातारानी के दरबार मे पहुंच रहे हैं।

### राम दरबार वाले सर्विस रोड में काल बन कर दौड रहे वाहन

बता दें कि अंजोरा बायपास से राजनांदगांव आने के लिए नेशनल हाईवे को पदयात्रियों के लिए वन-वे किया गया है। इसके बाद भी पदयात्री मार्ग में धड़ल्ले से घुस रही तेज रफ्तार गाडियां पदयात्रियों के लिए जान का खतरा साबित हो रहा है। मंगलवार 23 सितंबर को नेशनल हाईवे में ग्राम मनकी के समीप एक तेज रफ्तार थार वाहन ने पदयात्री युवती को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इसी तरह पदयात्री मार्ग लिटिया में भी एक बुजुर्ग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। अंजोरा से पदयात्रियों के राजनांदगांव आने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बनाया गया। रुट हालांकि नेशनल हाईवे में वन-वे है लेकिन शहर प्रवेश होने पर राम दरबार चौक के समीप पदयात्रा मार्ग रांग साइड हो जा रहा है जिसमें धड़ल्ले से गुजर रही तेज रफ्तार गाडियां पदयात्रियों के लिए जान का खतरा पैदा किए दे रहा है। उसी रास्ते में पदयात्री चल रहे हैं और उसी रास्ते से जान लेवा रफ्तार से गाडियां भाग रही। बारिश का पानी सड़क पर होने से तेज रफ्तार गाडियां के चक्के से सड़क का पानी फव्वारे की तरह उड़ कर फच्च से सीधे पदयात्री के मुंह और कपड़े पर पड़ रहा है। चूंकि सड़क में वाहनों का इंधन गिरे होने की वजह से उक्त डीजल- पेट्रोल के अंश मुंह में पड़ने से उनमें विचलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है जो बड़ा कष्ट प्रद साबित हो रहा है।

राम दरबार से लेकर गौरी नगर मोड़ तक लाईन से कंटेनर गाडियां खड़ी हुई है। इससे सड़क और भी संकरा हो जा रहा है और उसी संकुचित रास्ते से तेज रफ्तार गाडियां व पदयात्री जान हथेली में लेकर गुजर रहे हैं।

इस बीच कहीं भी पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए एक भी पुलिस वाला खड़ा नजर नहीं आता। इसे प्रशासन की बे-परवाही कहा जाए की नहीं। जब नवरात्रि की शुरुआत में ही दो- दो सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी जिस में दो लोग काल-कवलित हो चुके। इसके बाद भी यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क नहीं हो पाया है।

### बल्देव बाग रोड पदयात्री मार्ग में घूप्प अंधेरा, स्ट्रीट लाईट भी बंद

जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा नवरात्रि पर्व को लेकर की गई व्यवस्था का ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन उनकी इस कथित व्यवस्था की चुगली बल्देव बाग रोड में महिनों से बंद सड़क बत्तियां कर रही है। रानी लक्ष्मीबाई स्कूल से लेकर बल्देव बाग रोड होते हुए सीधे मोतीपुर - तुलसीपुर रोड निकलने तक पूरे इलाके की सड़क बत्तियां बंद पड़ी है। जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूबा हुआ है। इस अंधेरे वाले इलाके से मां बम्लेश्वरी के पदयात्री जान जोखिम में लेकर गुजर रहे हैं। बीती रात बल्देव बाग रोड में अंधेरे के चलते एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। इससे जिला प्रशासन और नगर निगम के सिर तीसरी मौत का पाप लगने से बच गया।

बता दें कि बल्देव बाग रोड में बारिश के चलते सड़क में कई छोटे-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। सड़क बत्तियां बंद होने से अंधेरे में उक्त गड्ढे नजर नहीं आते । इससे रात में इस रोड से गुजरने वाले इन गड्ढों में गिर कर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बारिश के चलते आसपास में पानी भरे होने की कारण रात में जहरीले जीव-जंतु सड़क में विचरण करने निकल रहें हैं। जिससे नंगे पांव पदयात्रा करते हुए गुजर रहे पदयात्रियों को जान का खतरा बना हुआ है। इस प्रकार देखा जाए तो इस बार के नवरात्रि पर्व में शहर से गुजरने वाले पदयात्रियों के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यवस्था जान लेवा ही नजर आ रहा है। यदि इसे नहीं सुधारा गया तो नवरात्रि के अंत तक सड़क दुर्घटना का शिकार हो कर दो- चार और मौत होने के समाचार सुनने मिल ही जाएंगे।

# भाजपा के शासन में अधिकारी अब ज्ञापन लेने से कर रहे हैं मना, एनएसयूआई ने कार्यालय में किया चस्पा



राजनांदगांव (दावा)। विश्वविद्यालय द्वारा नवरात्र और दशहरा अवकाश के दौरान स्नातक की पूरक परीक्षा आयोजित करने के निर्णय का विरोध हो रहा है। युवा छात्र नेताओं ने छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष युवानेता ऋषि शास्त्री में निर्णय के खिलाफ आवाज उठाई है और परीक्षा को हिंदू त्योहारों के बाद आयोजित करने की मांग की है। नवरात्रि के अष्टमी, नवमी और दशहरा हिंदू समुदाय के महत्वपूर्ण त्योहार हैं, और इन दिनों परीक्षा आयोजित करना अनुचित है। छात्रों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना आवश्यक है, और परीक्षा को त्योहारों के दो दिन बाद आयोजित करने से छात्रों को अपनी पढ़ाई और धार्मिक गतिविधियों में संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। ज्ञापन सौंपने का प्रयासः एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने कुलपति के नाम लीडिंग कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, लेकिन प्राचार्य ने ज्ञापन लेने से मना कर दिया। इसके बाद महाविद्यालय कार्यालय में ज्ञापन को चस्पा कर दिया गया।।

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने कहा कि अब प्रदेश में अधिकारियों को ज्ञापन देना भी गुनाह हो गया है।। अब अधिकारी ज्ञापन देने में भी एफआईआर कि धमकी देने में लगे हैं। हम एनएसयूआई के कार्यकर्ता छात्रों के हित के लिए जेल जाने के लिए भी तैयार रहेंगे। तहसीलदार का हस्तक्षेपः कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा और हर्ष खोबरागड़े ने बताया कि नायब तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद मामला शान्त हुआ और तहसीलदार ने ज्ञापन की द्वितीय प्रति युवा छात्रनेताओं से ग्रहण कर शासन प्रशासन को उक्त मामले को संज्ञान में लाते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति और राहुल साहू ने कहा कि प्रशासन को छात्रों की मांगों पर विचार करना चाहिए और परीक्षा को त्योहारों के बाद आयोजित करने का निर्णय लेना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, प्रदेश महासचिव राजा यादव, पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, हर्ष खोब्रागड़े, शुभम प्रजापति, राहुल साहू, वेदांश शर्मा, मिथलेश चंदेल, संदीप सोनी, प्रदीप साहू एवं अन्य मौजूद थे।

## पहला कॉलम...

### एनपीएस की छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ ट्रायथलान एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एक्वाथलन सब जूनियर में 3 किलोमीटर रनिंग एवं 350 मीटर स्वीमिंग में नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री कक्षा 8 वीं की छात्रा छवी शर्मा आत्मज नरेश पुनीता शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनके शानदार प्रदर्शन से उनका चयन नेशनल ट्रायथलॉन में हुआ है, जो मध्यप्रदेश के भोपाल में दिनांक 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर को आयोजित होगा। इनकी इस उपलब्धि पर नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री के शाला निदेशक मंडल एवं प्राचार्या सुश्री भारती गौते एवं खेल विभाग सहित शाला परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अकादमी खुमान संगीत का भव्य सांस्कृतिक आयोजन 29 को



राजनांदगांव (दावा)। शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्राम पंचायत छांटा झा, पोस्ट बम्हनी, जिला कबीरधाम के तत्वावधान में गोविंद साव कृत 'अकादमी खुमान संगीत' का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नवसृजित कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब है कि, यह आयोजन आगामी 29 सितंबर को होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लें और इसे सफल बनाएं। उपरोक्त जानकारी प्रीत जायसवाल द्वारा दी गई।

### विकेश सोनी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय दीवानपारा निवासी विकेश सोनी (मिनी) का आकस्मिक निधन हो गया। वे पटवारी पद पर पदस्थ थे। उनका मिलनसार स्वभाव से सभी से उनके मधुर संबंध रहे। वे सदैव वार्ड के, समाज के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनका जाना अपूरणीय क्षति है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास दीवानपारा से आज दिनांक 24/09/2025 को शाम 05.30 बजे मुक्तिधाम ले जाई गई। वे राकेश सोनी (गवर्नमेंट प्रेस) एवं देवेंद्र सोनी (नगर निगम) के भाई थे। सतीश चौधरी एवं पूर्व एल्डरमैन हेमू सोनी के साले साहब थे।

### बनवारी लाल श्रीवास्तव का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। कायस्थ समाज के वरिष्ठ संरक्षक बनवारी लाल श्रीवास्तव (83 वर्ष) का बुधवार को प्रातः 9 बजे निधन हो गया है। वे श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के एकाउंटेंट मोहन श्रीवास्तव के पिता हैं। उनकी अंतिम यात्रा कल 25 सितंबर दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे वार्ड नं 16 देवांगन चाल के पीछे, जमात मंदिर के पास स्थित निवास से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# बिरला ओपन माइंडस ऐकेडमी में कृतज्ञता दिवस संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रमुख वी.आई.पी. रोड अनुपम नगर स्थित बिरला ओपन माइंडस प्री-स्कूल तथा ओपन माइंडस एकेडमी में कृतज्ञता दिवस का आयोजन 22 सितम्बर को किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समाज में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर पुलिसकर्मी विक्रेता एवं विद्यालय के सहयोगियों (हेल्पर्स) के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों ने सभी को गुलाब का फूल भेंटकर उनका अभिनंदन किया और उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विशेष दिवस की आयोजन में स्कूल की नन्हें बच्चे डॉक्टर्स की क्लीनिक पुलिस कार्यालय एवं मुख्य बाजार में स्वयं जाकर फूल भेंट किये।

विद्याालय की प्रिंसिपल ऋचा ठाकुर ने कहा कृतज्ञता केवल एक भावना नहीं बल्कि जीवन जीने का संस्कार है। बच्चों में यह मूल्य स्थापित करना हमारे लिए गर्व की बात है। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ.ज्ञानेश श्रीवास्तव तथा श्रीमती अंजू आहूजा ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में कहा समाज में सेवा देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों को न केवल संस्कारिक करते है, बल्कि उन्हें बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। साथ ही उन्होंने नन्हें नौनिहालों में इस तरह की राष्ट्र की प्रति कृतज्ञता का संचार करने वाले आयोजन निरंतर आयोजित करते रहने की प्रेरणा दी तथा शुभकामनाये प्रेषित की। आयोजन का मुख्य उददेश्य विद्यार्थियों में सम्मान कृतज्ञता और सामाजिक मूल्यों की भावना विकसित करना रहा। बच्चों ने यह संदेश दिया कि समाज की प्रगाति में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक है और हमें उनके प्रति सदैव आभार प्रकट करना चाहिए।

# लोक कल्याण मेला 26 को टाउन हॉल में

### प्रधानमंत्री स्व-निधि योजनांतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवसाय के लिये मिलेगा ऋण

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार घटक प्रधानमंत्री स्व-निधि अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को निजी व्यवसाय के लिए व्यक्तिगत ऋण देने 26 सितम्बर शुक्रवार दोपहर 12 बजे से नगर निगम टाउन हॉल में लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया है।

लोक कल्याण मेला के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि मेला में बैंको में स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणों का ऋण वितरण कराना, बैक द्वारा वापस किये गये 'रिटर्न बाय बैक' श्रेणी के त्वरित निराकरण/निपटान करना, स्ट्रीट वेंडर्स को दिए गये ऋण उपरांत प्रोफाईलिंग कराना इत्यादि कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रावधानों के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को विभिन्न बैंकों के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपेय, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने लक्ष्य रखा गया है। मेले में बैंकर्स भी उपस्थित रहेंगे। लोक कल्याण मेला में फेरी वाले एवं छोटा मोटा व्यवसाय करने वाले पात्र स्ट्रीट वेडर्स के चिन्हांकन एवं बैको से ऋण दिलाने हेतु ऑनलाईन आवेदन कराने के लिए आवश्यक दस्तावेंज जैसे आधार कार्ड, (मोबाईल नम्बर लिंग हो) बैंक पास बुक, मतदाता परिचय पत्र, 02 फोटो के साथ साथ मोबाईल फोन साथ लाना अनिवार्य है। नये आवेदन के लिए ऑनलाईन आवेदन भी भराया जावेंगा। आयुक्त ने स्ट्रीट वेंडर्स को 26 सितम्बर को टॉउन हाल में आयोजित लोक कल्याण मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त करने की अपील की है।

# शांतिभंग करने वाले बदमाश व एक वारंटी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। चिखली पुलिस ने क्षेत्र में शांति भाग करने वाले बदमाश को धरदबोचा है, वहीं एक वारंटी को पकड़कर न्यायालय ने पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की सूचना के आधार बुधवार को आवेदक व गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश कमलेश मारकण्डे पिता तिजऊदास मारकण्डे उम्र 38 साल निवासी धर्मापुर बागतराई व हाल मुकाम रामनगर मोतीपुर को धर दबोचा गया। पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी तरह गिरफ्तारी वांरटी पुरूषोत्तम आ. बाबूदास मानिकपुरी उम्र 46 साल निवासी स्टेशनपारा को न्यायालय में पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# सिंघोला मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में 1000 से अधिक ज्योति कलश प्रज्वलित





राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ समिति सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी सिंघोला में प्रातः स्मरण ममतामयी मां भानेश्वरी जिनकी दिव्य शक्ति आत्मा के उद्धार एवं उत्थान के स्नेह पूर्ण छाया भव्य शक्तिपीठ में अद्भुत विराजमान है। जहां भक्तजन मनोरथ की प्राप्ति के लिए शक्तिपीठ में वर्ष के दो पर्व रामनवमी और दुर्गा नवमी में ज्योति प्रज्वलित की जाती है। जिसमें ज्योति प्रज्वलित घी में 1501 रुपए, तेल 1101 रुपए राशि जमा कर माँ की चरण बिंदु पर मां की प्रेम पुष्प अर्पित करते हैं। कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलित 24 सितंबर दिन बुधवार को किया गया। पंचमी कलश स्थापना 28 सितंबर को, हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णहूती 1 अक्टूबर को और ज्योति जवारा विसर्जन और शोभायात्रा 2 अक्टूबर को संपन्न होगा। समिति के दिलीप कुमार ठाकुर, नंद नरेंद्र साहू, भोजराम साहू, सुरेश साहू, रोशन साहू, कुबेर साहू, लखन साहू, पुरानिक राम, रामबिलास, अमर सिंह, भूवन सहित ग्रामीण जनो ने नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं किया।

# नवरात्रि में माता दर्शन करने आए भक्त की बाइक हुई गुम



बसंतपुर पुलिस ने गुम दो मोटर सायकल को किया सुपुर्द

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में गुम हुए दो मोटर सायकल बरामद कर ली है और उसे उसके सही मालिकों को सौंपा। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान माता के दर्शन के लिए आए लोगों द्वारा थाने में शिकायत की ऐ थी जिस पर खोज ढूढ कर पुलिस द्वारा उसे बरामद किया गया और उनके मालिकों को सौंप दिया गया है इस पर आवेदकों ने अपने गुम मोटर सायकल प्राप्त करने पश्चात पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए उनका हृदय से अभार व्यक्त किया है।

थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आवेदक अमर यादव पिता स्व. प्रकाश यादव निवासी शिव मंदिर के पास से सूचना प्राप्त हुई कि 23 सितंबर को यह अपने परिवार सहित अपनी मोटर सायकल एक्टिवा होण्डा क्रमांक सीजी-08/एएच-0825 से देवी दर्शन के लिए निकले थे कि वह भीड में अपनी मोटर सायकल भूल गया जिसे ढूंढने के उपरान्त भी नहीं मिला।

इसी तरह आवेदक राघव भुआर्य पिता कन्हैया लाल भुआर्य निवासी औंधी के द्वारा थाना उपस्थित होकर सूचना दिया कि यह अपने परिवार सहित देवी दर्शन के लिए मां बर्फानी मंदिर आया हुआ था और अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर माता दर्शन के लिए गया हुआ था वापस आकर देखा तो इसे इसका मोटर सायकल भीड में नहीं मिली। उन मोटर सायकलों को ढूढने हेतु पृथक से टीम गठित किया गया जिनके द्वारा दोनो मोटर सायकल बरामद कर लिया गया। तत्पश्चात दोनों आवेदकों से संपर्क कर बुधवार को उनके मोटर सायकल उन्हें सुपुर्द कर दिया गया।

### शैल वैष्णव का निधन




डोंगरगांव (दावा)। नगर के किला पारा निवासी श्रीमती शैल वैष्णव पति जितेंद्र कुमार वैष्णव का स्वर्गवास 22 सितम्बर 25 को हो गया। वे अपने पीछे भरपूरा परिवार छोड़ गई।

# स्टेट हाईस्कूल में ड्राईंग ग्रेड परीक्षा 2025 शुरु



राजनांदगांव (दावा)। डायरेक्ट्रेट आर आर्ट मुंबई के निर्देशन में दिनांक 24 सितंबर 2025 से 27 सितंबर 2025 तक ड्राईंग ग्रेड परीक्षा 2025 का आयोजन स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिनांक 24 एवं 25 को एलिमेटेरी ग्रेड परीक्षा जिसमें आब्जेक्ट ड्राईग, मेमोरी ड्राईग डिजाइन एवं ज्यामेट्री ड्राईग विषय पर पेपर परीक्षा आयोजित है। इस परीक्षा मे कुल 187 छात्र पूरे राज्य भर से विभिन्न कला केन्द्रों के माध्यम से परीक्षा मे शामिल हो रहे है। इसी प्रकार दिनांक 26 तथा 27 को ईंटरमीडिएट ड्राईग ग्रेड परीक्षा में स्टील लाईफ, मेमोरी ड्राईग, डिजाइन एवं ज्यामेट्री विषय पर परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष दीपचंद चित्रकला केन्द्र राजनांदगांव, ताम्रकार ड्राईग कलासेस दुर्ग, विनायक फाईन आर्ट राजनांदगांव, फेस भिलाई, नुतन कला केन्द्र रायपुर, आर्ट जोन दुर्ग, यामिनीकला केन्द्र राजनांदगांव एवं फिनीशींग कलासेस रायपुर से परीक्षायें शामिल हो रहे है।

विदीत हो स्टेट हाईस्कूल परीक्षा केन्द्र में इस परीक्षा का आयोजन लगभग 75 वर्षो से संचालित है एवं प्रदेश का एक मात्र परीक्षा केन्द्र है जहां से परीक्षार्थी प्रमाण पत्र प्राप्त कर शासन की योजना का लाभ लेते है, द्विवर्षीय परीक्षा में शामिल छात्र को ग्रेडिंग प्रणाली से प्रमाण पत्र प्राप्त होते है, इस प्रमाण पत्र के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार में एक निजी संस्थाओं में मानचित्र कार एवं ड्राईग शिक्षक के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष भी सर्वाधिक परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल करने के लिए स्थानीय यामिनी कला केन्द्र के संचालक रितेश देवागंन को शाला के प्राचार्य माधोसिंग ने हार्दिक बधाई दी एवं समस्त परीक्षार्थीयों का परीक्षा में शामिल होने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की उक्ताशय की जानकारी ड्राईग प्रभारी शिक्षक सुनील भागवत ने दी।







## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम यामिनी पिता तोरण एवं जन्मतिथि 28/03/2007 है। जो कि शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है सही है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में लिपिकीय त्रुटी वश नाम यामनी पिता तोरण एवं जन्मतिथि 15/08/2009 दर्ज हो गया हैं जो कि गलत है। जिसे विलोपित कर सही नाम यामिनी पिता तोरण एवं जन्मतिथि 28/03/2007 दर्ज किया जावें। अतः भविष्य में मेरी पुत्री के समस्त शासकीय /अर्धशासकीय दस्तावेजों में शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर अंकित किया जावें। उक्त नाम परिवर्तन सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत हैं। सूचना जाने।

शपथकर्ता
तोरण पिता मजन
जाति लोधी
निवासी-ग्राम खुर्सीपार
पो.- गातापारकला
तह.-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पंचायत छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

Phone No. 07745-264263 email : npchhuriya@gmail.com

क्र./813/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 | छुरिया, दिनांक 24/09/2025

### //मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना//

एतद् द्वारा नगर पंचायत छुरिया में निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से ठेकेदारों/फर्म/एजेंसी से मैनुअल निविदा आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र. | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड क्र. 15 में मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य | 3.88 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06/10/2025 शाम 4.00 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि 07/10/2025 शाम 04.00 बजे तक |
| 2 | वार्ड क्र. 03 चुरामन कंडरा घर से मिराज घर तक आ.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 01.50 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत छुरिया से प्राप्त की जा सकती है। तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/UADTender Uploader पर अवलोकन किया जा सकता है।

टीपः- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा, सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, छुरिया

किराये से देना है
1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम
रेंट पर देना है।
Near the D mart
महाकाल मंदिर के पास।
-: संपर्क :-
मो.- 7000180368

## शुभांक

अनुमानित
बी. के
3-5-7
590-4 478-9
राजधानी
1-7-9
356-4 570-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

CMYK

# महापौर परिषद ने जीएसटी की दरों में कमी पर अनुशंसा सहित केन्द्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, आगंनबाडी पालना कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति के अलावा मोहारा फिल्टर प्लांट से गंज चौक व नंदई चौक से इंदिरा नगर पानी टंकी तक राईजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार किये जाने निविदा आमंत्रण की स्वीकृति के अलावा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

महापौर श्री यादव ने बताया कि बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा जी.एस.टी. दरो में कमी के प्रस्ताव में अनुशंसा कर परिषद में प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया, इसके अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही आगंनबाडी पालना केन्द्रो में पालना कार्यकर्ता व सहायिका के नियुक्ति के प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की गयी। जाति प्रमाण बनाये जाने के प्रकरणो पर भी अनुशंसा की गयी तथा सम्पत्तिकर युक्तियुक्तरण, निगम स्वामित्व के दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर के प्रथम तल की दो दुकान की उच्चतम बोली की अनुशंसा की गयी और निगम स्वामित्व की सर्वेश्वर दास स्कूल के पास निर्मित 12 दुकानो की नीलामी किये जाने दी गयी स्वीकृति की पृष्टि की गयी।



**मोहारा फिल्टर प्लांट से गंज चौक व नंदई चौक से इंदिरा नगर पानी टंकी तक राईजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार की दी स्वीकृति**

महापौर श्री यादव ने बताया कि शासन द्वारा अधोसंरचना बजट 2025-26 नगर पालिक गिनम राजनांदगांव को मोहारा फिल्टर प्लांट से गंज चौक तक व नंदई चौक से इंदिरा नगर पानी टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार कार्य किये जाने राशि रूपये 647.05 लाख तथा ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड व पानी के लिए राशि रूपये 490.04 लाख तथा पेण्ड्री मुक्तिधाम से हॉस्पीटल तक सड़क निर्माण के लिये राशि रूपये 194.59 लाख की दी गयी स्वीकृति के निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

बैठक में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, श्रीमती केवरा विजय राय, आलोक श्रोती, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, डीलेश्वर प्रसाद साहू एवं राजा माखीजा सहित आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, वसीम खान व सुश्री सुषमा साहू, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# आज से महावीर सनसिटी में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित सोसायटी महावीर सनसिटी में शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में 25, 26 व 27 सितंबर को तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय होने वाले इस भव्य आयोजन में पहले दिन राजस्थानी थिम, दूसरे दिन बालीवुड थिम व तीसरे अंतिम दिन गुजराती थिम की जोर शोर से तैयारी चल रही है। तीनों दिन के गरबा महोत्सव में थिम अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी, जिनमें आकर्षक पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। गरबा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी सहयोगी परिवार के लिए हाई टी की भी पूरी व्यवस्था की गई है। तीन दिवसीय इस गरबा महोत्सव में नवीन ज्वेलर्स, अजंता जनरल स्टोर व पंजाब नेशनल बैंक द्वारा विशेष सहयोग दिया जा रहा है। गरबा महोत्सव में सोसायटी के सचिव दिलीप गोलछा, कोषाध्यक्ष राजेश डागा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी के विशेष मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारी की जा रही है। सोसायटी के बास्केटबॉल ग्राउंड को गरबा हेतु भव्य सजावट की जा रही है।

गरबा महोत्सव के लिए अतुल चोपड़ा, योगेश कोटक, मनीष साहिता, किर्ती भोजानी, रुपा कोटक, प्रगति साहिता, प्रिया भोजानी, देविका मानेक, दिप्ती बिंदल, रुचि श्रीवास्तव, रितिका तिवारी, पिंकी माहेश्वरी, नीलम सोनी, अर्पिता जेठानी, मनीषा देवांगन, विभा गुप्ता व लालू सांखला को प्रभारी नियुक्त किया गया है। तीन दिवसीय गरबा महोत्सव में सहयोगी परिवार हेतु लक्की ड्रा रखा गया है, जिसमें विभिन्न उपहार सुनिश्चित है।

सोसायटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा का सोसायटी के सभी सदस्यों से आग्रह है कि पारिवारिक माहौल में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में सोसायटी के सदस्य अवश्य भाग लेवें और एक परिवार का परिचय दें। यह जानकारी सोसायटी के मिडिया प्रभारी मनीष साहिता व कुणाल शर्मा ने दी।

# शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल ने ब्रह्मविद ग्लोबल स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 60 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया



रायपुर (दावा)। ब्रह्मविद ग्लोबल स्कूल, रायपुर में हाल ही में एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रसिद्ध शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल ने 60 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंडेलवाल सर ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति (एनईपी) के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया।

खंडेलवाल सर ने शिक्षकों को बताया कि एनईपी का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला और छात्रों के अनुकूल बनाना है। उन्होंने कहा कि एनईपी में 5+3+3+4 के नए शैक्षिक ढांचे को अपनाने पर जोर दिया गया है, जिसमें प्रारंभिक शिक्षा को अधिक मजबूत बनाने और छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इसके अलावा, खंडेलवाल सर ने शिक्षकों को एनईपी के अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से भी अवगत कराया, जैसे कि बहुविषयक शिक्षा- एनईपी में विभिन्न विषयों को एकीकृत करने और छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया गया है।

**डिजिटल शिक्षा-** एनईपी में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया गया है।

**शिक्षकों का प्रशिक्षण-** एनईपी में शिक्षकों के प्रशिक्षण और विकास पर जोर दिया गया है, ताकि वे छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले शिक्षकों ने खंडेलवाल सर के मार्गदर्शन की सराहना की और कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए बहुत उपयोगी रहा है।

# असीस कौर के गीतों से गूंजेगा म्युनिस्पिल स्कूल मैदान

## विजयदशमी महोत्सव को लेकर छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति की बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। विजयादशमी पर्व के मौके पर इस वर्ष भी म्युनिस्पिल स्कूल मैदान में भव्य आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के द्वारा आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में इस बार मुंबई की असीम कौर अपनी शानदार प्रस्तुति देने राजनांदगांव पहुंच रही है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के सभी प्रमुख सदस्यों ने पिछले अनुभवों के आधार पर विजयादशमी महोत्सव को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के द्वारा इस बार व्यापक तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजन का यह शानदार 18वां वर्ष है। श्री कोठारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने के लिए मुंबई से असीस कौर आ रही है। असीम कौर पहली बार कपूर एंडसंस के रोमांटिक हिट गाने श्बोलनाश से सुर्खियों में आई थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी, पंजाबी और हरियाणवी भाषा में कई सुपरहीट गाने दिए।



**एआई आतिशबाजी रहेगी आकर्षण का केन्द्र**

बताया गया कि असीम कौर ने पांच साल की उम्र से ही संगीत की दुनिया में कदम रख दिया था। वह गुरबानी और सूफी परंपराओं में निहित एक संगीतमय रूप से समृद्ध परिवार से ताल्लुकात रखती है। संगीत की दुनिया में अपना कदम बढ़ाते हुए उन्होने खुद को लाइव कलाकार के रूप में प्रतिष्ठित किया, और धीरे धीरे विश्व विख्यात हो गई। असीस कौर लंदन में प्रतिष्ठित-2 एरिना, दुबई एक्सपो और दुबई में कोका कोला एरिना में अपनी आवाज की जादू का जलवा बिखेर चुकी है और अपनी स्वर की कला का लोहा मनवा चुकी है। उनके कुछ फेमस ट्रैक जैसे वेमाही (केसरी), आँख लड़ जावे (लवयात्री), तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (टाइटल ट्रैक), मखना (ड्राइव), और उनका हालिया हिट इश्क में (नादानियाँ) शामिल हैं। इन गानों का युवाओं के बीच अलग ही क्रेज है। असीस ने अपनी आवाज़ से धार्मिक और भक्ति संगीत को भी धार दी है, जिसमें सतनाम वाहेगुरु, कृष्णा तेरी हो गई जैसे गाने और शबद (पंजाबी आध्यात्मिकमंत्र) शामिल हैं।

सौरभ कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के आतिशबाजो की टीम इसवर्ष भी बेहतरीन नयनाभिराम, रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी का प्रदर्शन करेगें। खास बात यह है कि आतिशबाजी में इस बार एआई तकनिक का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फिट का आकर्षक रावण होगा।

समिति के मिडिया प्रभारी विनय बिंदल, अजय सोनी, रघु शर्मा एवं मुकेश शर्मा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्शकों की सुविधा के लिए प्रतिवर्षानुसार आमंत्रण पत्र व निःशुल्क पास वितरित किए जाएगें। इसवर्ष कुर्सीयों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पास में गेट नंबर अंकित किये जायेंगे। इसके अलावा दर्शकों को फैमिली पास में परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल एवं प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी कैमरें भी लगाए जा रहे हैं।

# कैट के छत्तीसगढ़ कार्यालय का भव्य शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ के नवीन कार्यालय का भव्य शुभारंभ आयोजित किया गया। जिसमें जिला राजनांदगांव की टीम ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में व्यापार जगत के कई वरिष्ठ और गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**राजनांदगांव टीम की भागीदारी**

शुभारंभ अवसर पर राजनांदगांव की टीम ने अपने वरिष्ठ सदस्य अमर पारवानी को जन्मदिन की बधाई भी दी। इस अवसर पर उपस्थित रहे–संरक्षक– अनिल बरडिया, शरद अग्रवाल, अशोक पांडे, राजू डागा, भावेश अग्रवाल, ओमप्रकाश भूतड़ा, संजय तेजवानी, प्रकाश कांकरिया, संजय जैन आदि। कार्यक्रम में व्यापारिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में नई पहल की घोषणा की गई और सदस्यों ने नए कार्यालय की सफलता एवं व्यापारिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

शुभारंभ समारोह में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि ÷छ्द्धञ्ज का यह नया कार्यालय व्यापारियों के हित में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।÷ उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया मीडिया प्रभारी ने दी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती वार्ड एवं बूथ स्तर पर मनाई जाएगी

राजनांदगांव (दावा)। जनसंघ के आधार स्तंभ अंत्योदय सिद्धांत के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती को भाजपा देशभर में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाती है। इसी परिपेक्ष्य में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि राजनांदगांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सभी 51 वार्डों में मनाई जाएगी, जिसमें सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाएंगे। और इस हेतु मंडल अध्यक्ष गोलु गुप्ता, सुमित भाटिया, खिलेश्वर साहू, मनोज साहू ने बताया कि सभी वार्ड एवं बूथों के प्रभारी बनाए गए हैं, जो जयंती समारोह में शामिल होंगे। साथ ही शक्ति केंद्र तथा मंडल स्तर पर भी प्रदेश भाजपा से पदाधिकारी को जवाबदारी दी गई है।

**प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन डोंगरगांव के कार्यक्रम में शामिल होंगे**

भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं रविन्द्र वैष्णव,राजेंद्र गोलछा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के आयोजन में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष नंदन जैन विशेष रूप से उपस्थित होंगे, इसी तरह से प्रमुख मंडलों में वरिष्ठ नेताओं को प्रदेश भाजपा ने जवाबदारी सौंपी गई है।

# जीएसटी स्लेब में बदलाव स्वागत योग्य - गांधी



डोंगरगांव (दावा)। जीएसटी स्लेब मे किए गए बदलाव का स्वागत करते हुए जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी ने कहा है मोदी सरकार के इस फैसले से सभी क्षेत्र और वर्ग को लाभ होगा। साथ ही कारोबार को नई उड़ान मिलेगी। श्री गाँधी ने एक विज्ञप्ति मे कहा की मोदी सरकार ने जीएसटी में बदलाव के फैसले से देश के किसानो, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं सहित अन्य सभी को बड़ा आर्थिक लाभ होगा। सरकार ने टेक्स स्लेब को दो केटेगरी मे समेट दिया है, जिससे रोजमर्रा की चीजों के दाम कम होंगे। किसानो की आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया जीएसटी कम होने से उर्वरक, ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, सिंचाई पम्प, कीटनाशक, सिंचाई पाइप, कृषि औजार, सोलर पम्प, डेयरी उपकरण जिन पर अब तक 12 से 18 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ रहा था, अब सरकार ने सभी उत्पादों को 5 फीसदी के दायरे मे रखा है। जिससे किसानो को कम क़ीमत चुकाना पड़ेगा और सीधा लाभ मिलेगा, किसानी लाभकारी होगी। सरकार ने लोगों के सेहत की चिंता करते हुए सबको सुलभ चिकित्सा सेवा मुहैया कराने ठोस कदम उठाया है। सरकार ने जीवन रक्षक दवा, हियरिंग एड, चश्मे, इन्सुलिन, डायबीटीज, बीपी, शुगर, थायराइड की दवा को टेक्स मुक्त कर दिया है। वहीं ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्टिंग मशीन, कैंथटर,आक्सीजन कंस्ट्रेटर, एंटी बायोटिक मे लगने वाले टेक्स को आधे से भी कम कर दिया है। अब लोगों को महंगे उपचार से मुक्ति मिलेगी जिसका सीधा लाभ सभी वर्ग को मिलेगा।

# संस्कार सिटी कॉलेज में गरबा महोत्सव, मां अंबे की आरती के साथ हुई शुरुआत



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में बुधवार 24 अगस्त को नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत मां अंबे की विधिवत आरती और पूजन के साथ हुई। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, सभी सहायक प्राध्यापक और प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पूजा के बाद पारंपरिक गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गरबा की थाप पर सजे-धजे विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में शानदार प्रस्तुति दी। आयोजन के अंत में सभी को हलवा-पूरी का प्रसाद वितरित किया गया। कॉलेज परिवार की ओर से बताया गया कि इस तरह के आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को बल मिलता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

# छत्तीसगढ़ हॉकी की अनिशा साहू ऑस्ट्रेलिया में दिखाऐंगी जौहर, प्रदेश की बेटी ने बढ़ाया मान

राजनांदगांव (दावा)। बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू का चयन ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले इंडियन जूनियर वोमेन्स स्क्वाड फॉर ऑस्ट्रेलिया टूर के लिए किया गया है। यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है। इस 24 सदस्यीय टीम में से ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्वकप के लिए किया जायेगा। ज्ञात हो कि कु.अनिशा साहू विगत 4 वर्षो से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है और उन्होंने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया की ऑस्ट्रेलिया में आगामी 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने आगामी पाँच मैचों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सोमवार शाम बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई। टीम सिडनी होते हुए कैनबरा पहुँच रही है जहाँ वे इस साल के अंत में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले एक महत्वपूर्ण तैयारी श्रृंखला में भाग लेंगे।



26 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक होने वाले इस दौरे में भारत अपने पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद स्थानीय टीम कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच खेलेगा। सभी मैच 26 सितंबर, 27 सितंबर, 29 सितंबर, 30 सितंबर और 2 अक्टूबर को कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में खेले जाएँगे। 'आनंदना' कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन द्वारा समर्थित, यह एक्सपोज़र टूर विश्व कप के लिए टीम की महत्वपूर्ण तैयारी का हिस्सा है और खिलाड़ियों को उच्च-गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ विदेशी परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करने का बहुमूल्य अनुभव प्रदान करेगा। दिनांक 26 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित ऑस्ट्रेलिया टूर में भाग लेने के पूर्व कु.अनिशा बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी, अर्जेंटीना, का दौरा कर चुकी है, भारतीय हॉकी टीम की ओर से यह उसका तीसरा दौरा होगा जब वह जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया की यह बढे ही गर्व का विषय है कि आज प्रदेश की बेटी देश के लिए खेलने जा रही है। अनिशा साहू विगत कई वर्षो से छत्तीसगढ हॉकी की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरवाविंत है। अनिशा साहू के ऑस्ट्रेलिया टूर में चयन होने पर विष्णु देव साय मुख्यमंत्री, डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, खेल संचालक श्रीमती तनुजा सलामे सांसद संतोष पांडे, मधुसूदन यादव (महापौर), अभिषेक सिंह (पूर्व सांसद) सचिन बघेल (अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक), दलेश्वर साहू (विधायक, डोंगरगांव), श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल (विधायक डोंगरगढ़) विक्रम सिसोदिया महासचिव छ.ग. ओलंपिक संघ, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी, डी.रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए.एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, कोषाध्यक्ष सुश्री आशा थॉमस, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया भुषण सॉव, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर) पार्षद छोटेलाल रामटेके, ज्ञानचंद जैन, गणेश प्रसाद शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव, अब्दुल कादिर, प्रिंस भाटिया राजू रंगारी, महेंद्र ठाकुर, गुणवंत पटेल कुमार स्वामी, सहित छत्तीसगढ़ के सभी हॉकी प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

# सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी राजनांदगांव पहुंची



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा महिला मोर्चा नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजनांदगांव में प्रथम आगमन हुआ। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म जयंती 17 सितंबर से 2 अक्टूबर सेवा पखवाड़ा के रूप में बूथ स्तर पर मना रहे हैं, जिस हेतु सेवा पखवाड़ा महिला मोर्चा को दायित्व मिल रहा है, और मिला है उसको पूरे निष्ठा के साथ करने को कहा सर्वप्रथम प्रदेश के अध्यक्ष विभा अवस्थी मां पाताल भैरवी का दर्शन की उसके बाद भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा ने भव्य स्वागत हुआ उनके आगमन पर भाजपा कार्यालय में परिचय एवं भेंट मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया है।

उसके बाद जिला पंचायत में स्वस्थ नारी सशक्त नारी का कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष किरण साहू ने भी संबोधित किया मंच संचालन महिला मोर्चा महामंत्री देव कुमारी साहू ने किया। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा राजनांदगांव की पदाधिकारी राजेश्वरी साहू पूनम शर्मा तेजमल देशमुख, पुष्पलता गंधर्व संगीता मिश्रा मनी भास्कर गुप्ता, अक्षय तिवारी, छाया तिवारी, सविता बॉस, मधु वैध, मीना यादव, पुष्पा गायकवाड, मिथिलेश्वरी वैष्णव, रेनू सूर्यवंशी पुष्पवी के महिला मोर्चा के 1 पदाधिकारिय विशिष्ट अतिथिगण, सदस्यगण, सभी पार्षदगण एवं जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य समस्त उपस्थित थे।

# कल्लूबंजारी परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष बने हुकुम सिंग साहू

छुरिया (दावा)। तहसील साहू संघ छुरिया द्वारा परिक्षेत्र साहू संघ कल्लुबंजारी के निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारी श्यामसुंदर साहू, मयाराम साहू, कुमार साहू, ललित कुमार साहू द्वारा आज सामुदायिक भवन कल्लुबंजारी में चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष हुकुम सिंग साहू, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, संगठन सचिव जीतूराम साहू, संगठन सचिव शैलेन्द्री बाई साहू निर्वाचित हुए। इस अवसर पर नीलमणी साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, तहसील अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, माधव साहू, उमेश साहू सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अनमोल दावा

> व्यक्ति को अपनी दिनचर्या पर ख़ास ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इससे ही व्यक्ति आगे बढ़ सकता है।

# लुत्फ उठाइए भविष्य के स्वाद का

केंद्रीय मंत्री के रूप में सितंबर 2024 में मेरा पहला वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई) मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। उन चार दिनों के दौरान, मैंने खेत से लेकर भोजन की थाली तक के पूरे इकोसिस्टम : वैश्विक खरीदारों के साथ राज्यों के मंडप, प्रौद्योगिकी के प्रदर्शनों के साथ-साथ एफपीओ और एसएचजी, और निवेश घोषणाओं के साथ-साथ नीतिगत संवाद को - एक साथ आते देखा। इसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को विश्व की खाद्य टोकरी बनाने के एक रणनीतिक मंच के रूप में डब्ल्यूएफआई की भूमिका की पुष्टि की

उस अनुभव ने 2025 की रूपरेखा तैयार की। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की यात्राओं, उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ संवाद तथा गल्फूड और डब्ल्यूईएफ जैसे वैश्विक मंचों पर भागीदारी से मेरी यह धारणा और ज्यादा प्रबल हुई कि दुनिया को भारत की कृषि-खाद्य विविधता और क्षमताओं को देखने की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। हमने अगले संस्करण को और भी ज्यादा साहसिक और परिणाम-केंद्रित बनाने, नवाचार को निवेश में बदलने और भारत को विश्वसनीय वैश्विक खाद्य केंद्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया। इस महत्वाकांक्षा को नीतिगत अनुकूल परिस्थितियों, खासकर अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से बल मिला है। अधिकांश प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर पाँच या शून्य प्रतिशत कर लगाकर, इन सुधारों ने इस क्षेत्र के लिए अनुकूल और प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार किया है।

इस पृष्ठभूमि के साथ, हम 25 से 28 सितंबर तक डब्ल्यूएफआई 2025 की मेज़बानी के लिए तैयार हैं। इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री करेंगे, जो इस क्षेत्र के लिए सरकार की उच्च प्राथमिकता को इंगित करता है। इस संस्करण में न्यूज़ीलैंड और सऊदी अरब भागीदार देश होंगे, जबकि जापान, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम और रूस फ़ोकस देश होंगे। सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 21 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्थानीय खूबियों की झलक दिखाने वाले मंडपों के साथ इस आयोजन को समृद्ध करेंगे। डब्ल्यूएफआई प्रमुख प्रदर्शनियों और बी2बी मंचों के साथ ही साथ, एफएसएसएआई द्वारा तीसरे वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन और एसईएआई द्वारा 24वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो की मेज़बानी करेगा।

डब्ल्यूएफआई पूरी तरह सरकारी तंत्र की शक्ति से संचालित होता है। जहाँ एक ओर, हमारा मंत्रालय नेतृत्व करता है, वहीं हम मूल्य श्रृंखला के सभी मंत्रालयों जैसे - पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, वाणिज्य, डीपीआईआईटी, कृषि एवं किसान कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय और उनके अधीन एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं ताकि उत्पादन, मानक, व्यापार और निवेश आपसी तालमेल से आगे बढ़ सकें। डब्ल्यूएफआई का एजेंडा पाँच प्रमुख स्तंभोंः स्थिरता और नेट-ज़ीरो खाद्य प्रसंस्करण; वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में भारत; खाद्य प्रसंस्करण, उत्पाद और पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों में अग्रणी; पोषण और स्वास्थ्य के लिए प्रसंस्कृत खाद्य तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाले पशुधन एवं समुद्री उत्पाद-पर आधारित है। प्रत्येक स्तंभ को विशेष रूप से तैयार किए गए सत्रों, बी2बी बैठकों और अपनाने के तरीकों के साथ जोड़ा गया है, ताकि भागीदारी चर्चा से आगे कार्यान्वयन तक बढ़ सके।

पीएमएफएमई लघु-उद्यमियों की उल्लेखनीय सफलता डब्ल्यूएफआई के प्रभाव को दर्शाती है। निःशुल्क स्टॉल उन्हें आयोजन के केंद्र में बनाए रखते हैं, जिससे उनका घरेलू और वैश्विक दिग्गजों के साथ जुड़ाव संभव होता है। उनकी भागीदारी से करोड़ों के व्यापारिक ऑर्डर और स्थायी साझेदारियाँ प्राप्त हुई हैं। इस वर्ष भी कई उद्यमी लौट रहे हैं, क्योंकि हम गर्व सहित भारत के सबसे छोटे खाद्य उद्यमियों के लिए भी समान अवसर सुनिश्चित करते हैं। डब्ल्यूएफआई का मुख्य आकर्षण सीईओ गोलमेज चर्चा है, जहाँ उद्योग जगत के दिग्गज, निवेशक और नीति निर्माता सहयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए रणनीतिक संवाद में भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि 2024 में यहाँ उठाए गए जीएसटी संबंधी मुद्दों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को जन्म दिया, जो हमारी सरकार के परामर्शी और उत्तरदायी दृष्टिकोण को दर्शाता है। सही मायनों में समग्र होने के लिए, डब्ल्यूएफआई होरेका और एल्कोबेव क्षेत्रों सहित सभी हितधारकों को शामिल करता है और सभी उप-क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देता है। हम जैविक और टिकाऊ उत्पादों से समृद्ध अपने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भी प्रमुखता दे रहे हैं। इसका मंडप पूर्वोत्तर को वैश्विक स्तर पर भारतीय जैविक ब्रांडों के लिए लॉन्चपैड बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए असम की चाय से लेकर मेघालय की हल्दी तक सब कुछ प्रदर्शित करेगा।

डब्ल्यूएफआई की विश्वसनीयता इसके काम के प्रदर्शन पर आधारित है। 2017 से, इसने 38,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश हासिल किया है। 2024 के संस्करण में 1,500 से ज़्यादा प्रदर्शक और 20 कंट्री पेवेलियन शामिल हुए, जिससे 93 मिलियन डॉलर के व्यापारिक ऑर्डर मिले।

# मंदराजी दाऊ जी के गम्मतिहा कलाकार प्रेमलाल साव



सन् 1950 -60 का दशक लोक रंग शैली नाचा के लिए स्वर्णिम काल रहा। नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी की रवेली नाचा पार्टी व रेंगनी- रवेली नाचा पार्टी की जब धूम हुआ करती थी। तब दाऊ मंदराजी की शान देखने लायक बनता था। आखिर क्यों न बने। ये वही दाऊ जी है जिन्होंने छत्तीसगढ़ की इस सुप्रसिद्ध रंग शैली को एक नया रंग और नया मुकाम दिया। प्रगतिशील सोच के दाऊ जी नाचा में न केवल नए- नए बदलाव किया अपने,पार्टी के परी कलाकारों को नाचा में हारमोनियम बजाने का मौका देकर उन्हें संगीतकार / गम्मत कार बना दिया। ऐसे ही एक परी कलाकार रहे हैं प्रेमलाल साव जो बाद में गम्मतिहा कलाकार बने और दाऊ जी के गम्मत पोंगवा - पंडित, मेहतरानिन आदि में अपने अभिनय का लोहा मनवाई।

प्रगतिशील विचारधारा के व्यक्ति दाऊ जी ने खड़े साज को गरिमा देते हुए जमीन में बैठकर गाने- बजाने वाले मां सरस्वती के उपासक साजिंदों को बाजवट में बिठा कर उसे मंच प्रदान किया। रौशनी के लिए भभका (मशाल) की जगह पेट्रोमेक्स, गैसबत्ती के उजाले से नाचा कार्यक्रम को रौशन किया। नारी पात्र व परी की भूमिका करने वाले पुरुषों की जगह महिला कलाकार फिदाबाई, मालाबाई, राधा बाई, कौशल्या बाई, पूनम विराट जैसे कलाकारों को सामने लाया। जो अंतरराष्टीय स्तर पर नाम कमाई। नाचा में गायन वादन में फूहड़ गीतों के बजाय ब्रह्मानंद के भजन गीत-गंभीर,सूर तुलसी कबीर? के दार्शनिक ,आध्यात्मिक गीत , दोहे - चौपाई,शस्तरिहा गीत- ग़ज़ल आदि को स्थान दिया। गायन में शास्त्रीय, राग - रागनियां,व वादन में विविध तालों का उपयोग सांगीतिक बैठकी व नाचा कार्यक्रम में किया जाने लगा। यही वजह है कि रायपुर के आयोजन में अपने कोठा बंद कर तवायफें दाऊ जी के कार्यक्रम देखने आ जाती थी। टाकिज का शो बंद हो जाया करता था। नाचा के कलाकार दाऊ जी के नाचा के प्रति देंन को शिद्दत से याद करते हुए कृतज्ञ महसूस करते हैं।

### दाऊ जी के गम्मतिहा कलाकार प्रेमलाल

दाऊ मंदराजी का एक खासियत यह रही कि वे अपने साथ नाचा में परी बनने वाले कलाकारों को हारमोनियम वादन का मौका दे कर उन्हें संगीत कार एवं बनने का मार्ग प्रशस्त कर देते थे।

उन्हें नाचा कार्यक्रम में ही नहीं बैठकी के गायन - वादन में अपने साथ रखकर उस ऊंचाई पर पहुंचा दिया जिससे वे नामी संगीतकार कहे जाने लगे। सोनहा- बिहान के म्यूजिक डायरेक्टर सत्यमूर्ति देवांगन ÷बुद्धु÷ पहले नाचा में परी बनते थे। सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर की नाट्य ग्रूप- नया थियेटर - दिल्ली के म्यूजिक डायरेक्टर देवी लाल दाऊ जी के साथ नाचा में परी बनते थे जिसे वे बचपने में कांकेर बस्तर क्षेत्र से लाए थे। सुप्रसिद्ध अभिनेत्री स्मिता पाटिल के साथ चोर चरण दास बनने वाले कलाकार लालू बावा, राम भरोसा पहले नाचा में परी नाचा करते थे। दाऊ जी के सान्निध्य में वे गम्मतिहा कलाकार बन गए।

बता दें कि मंदराजी दाऊ जी का रहना - बसना प्रायः रवेली के निकट ग्राम कन्हारपुरी में हुआ करता था। दाऊ जी प्रायः यहां सावन मास में रामायण गायन से लेकर भजन- कीर्तन व सांगीतिक बैठकी किया करते थे। वे यहां के कलानुरागी उत्साही लड़को को नाचा कला के गुर सिखाए और उन्हें प्रसिद्ध नाचा कलाकार बना दिया। दाऊ जी ने ग्राम कन्हारपुरी के छन्नु - नत्थन, इंदरमन, चतुर? सिंग, खोरबाहरा, प्रेमलाल साव को नाचा के गुर सिखाए, गाने- बजाने में सिद्धहस्त किया। कन्हारपुरी के कलाकार छन्नू और प्रेमलाल को नाचा में पहले परी नाचने के लिए मौका दाऊ जी ने ही दिया। छन्नुलाल परी नाचने के साथ, रामायण जसगीत आदि के गायन में सिद्धहस्त हो गए वहीं नत्थन दास मोहरी वादन में,चतुर सिंह हारमोनियम वादन व गम्मत में वहीं प्रेमलाल साव परी कलाकार से गम्मत कलाकारी कर अपने झंडे गाड़े।

मंदराजी दाऊ की पुण्यतिथि आज 25 सितंबर पर विशेष

### परी नाचने से कलाकारी की शुरुआत

उपर में बताया जा चुका है कि मंदराजी दाऊ ग्राम कन्हारपुरी मे कला बीजों का रोपण करते थे जिसके चलते आज भी यहां के एक से बढ़कर एक कलाकार कला जगत को रौशन कर रहे हैं। 7 मार्च 1949 को जन्मे प्रेम लाल साव छन्नू- नत्थन, चतुर सिंह आदि कलाकारों के साथ 1962 मे दाऊ जी का सान्निध्य लाभ पाया और वहां की नाचा पार्टी में परी बनकर कलाकारी की शुरुआत की। 6 वीं तक शिक्षा प्राप्त प्रेमलाल ने परी कार्य में असहज महसूस करते हुए बाद में जोक्क़डी काम करना शुरू कर दिया। वे 1968 में गांव में गठित ÷मोर घर के दीया÷ लोक सांस्कृतिक संस्था के अध्यक्ष रहते हुए नाटक में दाऊ मंदराजी की भूमिका निभाया करते थे। तत्पश्चात 1992 में मंदराजी लोक मंच का गठन कर स्थानीय कलाकारों के साथ आयोजन देना शुरू किया। इस दौरान सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर के कलाकारों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम कर कलाकारों का गढ़ कन्हारपुरी में सबसे पहले मंदराजी जयंती मनाने का शुरूआत की। तब से लेकर अब तक प्रति वर्ष 1अप्रैल को लोक संगीतकार आत्माराम कोशा ÷अमात्य÷ के संयोजन में कन्हारपुरी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ मंदराजी जयंती मनाया जाते आ रहा है।

### छत्तीसगढ़ी नाटक पलायन के पीरा का मंचन

प्रेमलाल के अध्यक्षीय कार्यकाल में मंदराजी लोक मंच द्वारा सन 2000 में संस्कृति विभाग के सौजन्य से कवि /साहित्यकार लेखक व लोक संगीतकार आत्माराम कोशा ÷अमात्य÷ द्वारा लिखित ÷पलायन के पीरा÷ नामक नाटक का सुप्रसिद्ध नाचा कलाकार मदन निषाद की उपस्थिति में मंचन किया गया। उक्त नाटक में काम करने वाले प्रेम लाल साव भोथीपार की लोक सांस्कृतिक संस्था ÷धरती के सिंगार÷ व महादेव हिरवानी की ÷धरोहर÷ के साथ जुड़कर अपने अभिनय के जौहर दिखा चुके। श्री साव अपने कला गुरु दाऊ मंदराजी को उनकी 39 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञता पूर्वक याद करते हुए आज 25 सितंबर को अन्य कलाधर्मियो के साथ उन्हें गायन - वादन के साथ श्रद्धांजलि के कला पुष्प अर्पित करेंगे।

मानसिंह 'मौलिक'
कवि / लेखक, कथाकार
महामाया चौक-बसंतपुर (राज.)

## विचार सरिता

# सवाल जवाब- माता पिता के प्रति अपने मन में कोई कड़वाहट ना रखें, बल्कि उन्हें समझने का प्रयास करें

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



आज की ज्ञान चर्चा में विवेक ने एक ऐसे जिज्ञासु का प्रश्न सामने रखा जो अपने माता-पिता के व्यवहार से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहा था।विवेक ने आचार्य सत्यव्रत के समक्ष उस जिज्ञासु का प्रश्न प्रस्तुत करना शुरू किया:-

जिज्ञासु-गुरुदेव ! मेरे माता-पिता से मेरा गहरा मतभेद रहता है। अनेक बातों पर उनसे मेंरे विचार नहीं मिलते हैं और कहीं ना कहीं यह मतभेद हमारे व्यवहार में भी झलक जाता है।माता-पिता द्वारा मुझे डांट लगा देने के कारण मैं मन से उनके प्रति सम्मान भावना नहीं रख पाता हूं,लेकिन मैं यह भी जानता हूं कि यह स्थिति उचित नहीं है। कृपया इसका समाधान बताएं।

आचार्य सत्यव्रत- आप एक वयस्क व्यक्ति हैं। आप स्वयं भी बच्चों के पिता हैं,लेकिन आपकी समस्या यह है कि आपका हृदय माता-पिता के प्रति कड़वाहट से भर जाता है।

जिज्ञासु- यह बात सही है गुरुदेव क्योंकि उनका व्यवहार अजीबोगरीब रहता है।वे मुझे अकारण डांटते हैं। मेरी और मेरी पत्नी की अति व्यस्तता के बाद भी और उनकी सेवा के बाद भी वे अनेक कार्यों के लिए मुझ पर निर्भर हैं। वे जो कार्य स्वयं कर सकते हैं,वह कार्य तो उन्हें कर ही लेना चाहिए।

आचार्य सत्यव्रत- तो जो बात आपको सही नहीं लगती है, क्या आप उसका विरोध भी करते हैं?

जिज्ञासु -क्योंकि वे सदैव से अपने जीवन में परिवार में प्रभुत्व रखने वाले और प्रभावशाली रहे हैं और एक बार अपनी बात कह देने के बाद दूसरों की बात नहीं सुनते हैं।अतः अब मैं अपनी बात उनके समक्ष रखता हूँ तो वे बुरा मान जाते हैं और इसे वे अपनी अवहेलना समझ लेते हैं, इसलिए मैं अपनी बात उनसे कह भी नहीं पाता हूँ।

आचार्य सत्यव्रत- वास्तव में आपके व्यवहार को नियंत्रित करने की कोशिश करना उनका अधिकार है और यह आपके प्रति उनका स्नेह भी है। सर्वप्रथम इस बात को समझें और अपने तर्कों के स्थान पर अपने कार्यों से अपने दृष्टिकोण का औचित्य सिद्ध करने का प्रयत्न करिए। आप बड़ों को समझा नहीं सकते हैं क्योंकि इसे वे अपने आत्मसम्मान पर ले लेंगे लेकिन आप अपने कार्यों की सफलता से उन्हें यह सोचने को बाध्य अवश्य कर सकते हैं कि पुत्र सही कर रहा है। दूसरा, आपको उनकी अवस्था का भी ध्यान देना चाहिए। इस उम्र में क्योंकि आप पहले से उनकी बात मानते हैं और अचानक आप विरोध का स्वर रखेंगे तो उन्हें बुरा लगेगा।अतः पुत्र का यह कर्तव्य है कि वह माता-पिता के मनोनुकूल आचरण करने का प्रयत्न करे। हो सकता है, उनकी कोई बात आपको एकदम खराब लगे लेकिन थोड़ी देर के लिए यह सोचिए कि आपके पालन पोषण में उन्होंने जितना कष्ट सहा है, इसको देखते हुए आपको इन बातों को नजर अंदाज करने का प्रयास करना चाहिए। और फिर उचित समय देखकर आप उनसे अपना दृष्टिकोण रख भी सकते हैं।

(प्रश्नों के दिए गए समाधान केवल सुझाव के रूप में हैं।यह आवश्यक नहीं कि ये हर व्यक्ति और हर परिस्थिति के लिए समान रूप से लागू हों।)

## कविता

### 'मुझमें है मां'

तुम्हारे जाने के बाद
ढूंढती रही आंखें इधर-उधर
शायद कहीं तुम नजर आ जाओ
थोड़ी देर के लिए ही सही
मेरे घर आ जाओ मुझसे बातें करो
यहां - वहां तुम ही दिखाई देती हो
मेरे चेहरे में भी तुम्हारा ही चेहरा नजर आता है
मेरे कामों में मेरी आदतों में
तुम्हारी ही छाया दिखाई देती है
कहीं तुम मेरे अंदर तो नहीं
हां तुम्हारी बेटी हूं मैं तुम्हारी ही परछाई
तुम मेरे अंदर ही हो मां
मुझमें मेरी रूह में तुम ही .......



श्रीमती हर्षबाला जांभुलकर
ग्राम अछोली, डोंगरगढ़

# आपदा आने तक सरकारी महकमा प्रतिक्षारत



मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तराखंड में बारिश से राहत मिलने के फिलहाल कोई आसार नहीं हैं। देहरादून और नैनीताल में भारी बारिश, गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है। देहरादून के सहस्त्रधारा में बादल फटने के बाद भारी तबाही हुई है। नदियों में उफान से कई लोगों की मौत हो गई है और ढेरों लापता हैं। उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तेरह पुल प्रभावित बताए जा रहे हैं। ऋषिकेश में चन्द्रभागा नदी का जलस्तर सामान्य से ऊपर होने के चलते विशेष चेतावनी दी गई है।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल जलधाराओं में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में भारी मशक्कत कर रहा है। राज्य की सड़कें, पुल, बिजली की तारें, संचार व्यवस्था सब बुरी तरह प्रभावित होने से स्थानीय नागरिकों का जीना बेहाल है। जिन परिवारों के घर बह गए या ढह गए, उनकी रिहाइश और जीवन यापन की आवश्यकताओं को लेकर भारी दिक्कते हैं।

स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा चुकी हैं। राहत, बचाव व पुनर्वास के दावे जिस तरह सरकार करती है, जमीनी स्तर पर प्रभावित लोगों तक पहुंचना मुमकिन नहीं होता। जनता बेहाल है, जिस तक पहुंचने के साधन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। मानसून ने इस वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों में भारी तबाही मचाई है। हिमाचल में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते चार सौ से अधिक मौतें हो चुकी हैं। हालांकि यह मानसून का अंतिम चरण है। मगर बादल फटने या भूस्खलन ने तबाही मचाई हुई है।

बिहार के कुछ इलाके अभी भी जलमग्न हैं, और कुछ क्षेत्रों में भारी बरसात की चेतावनी है। प्रति वर्ष भारी संख्या में नागरिकों को स्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, रिहाइश के अतिरिक्त रोजगार के संकट भी बुरी तरह जूझना पड़ता है। ये प्राकृतिक आपदाएं नहीं हैं, बल्कि मौसमी मार है, जिससे जूझने के प्रति सरकारों के पास कोई खाका नहीं है। मौसम विज्ञानियों के चेताने के बावजूद सरकारी महकमा आपदा आने तक प्रतिक्षारत रहता है।

पीड़ितों को जो या जिस तरह की राहत मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती। बरसाती पानी घटने या बाढ़ के बाद होने वाली जल-जनित बीमारियों, संक्रामक रोगों, मकानों, भवनों, पशुओं व रोजगार की व्यवस्था को लेकर दिन-रात एक करना मजबूरी हो जाती है।

बाढ़ व बरसात के चलते अर्थव्यवस्था व उपज पर पड़ने वाली क्षति को रोक पाना लगभग असंभव है। मगर सरकारी तंत्र को मौसमी मार के पूर्व व उपरांत की समस्याओं से जूझने के तरीके सलीके से इख्तियार करने होंगे।

## शब्द सामर्थ्य -180


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 179 का हल



## सू- दोकू क्र.180

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |


**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.179 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल




**मेष**

मेष : रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। सगे-संबंधियों के बीच मधुरता कायम रखें। परिवार में किसी की अस्वस्थता से परेशान होंगे। निकट संबंधों में पारदर्शी व कर्तव्यनिष्ठ बनें। घर में खुशहाली रहेगी।



**वृष राशि**

बृषभ : परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा। संघर्ष के इन दिनों में धैर्य और हिम्मत से काम लें। मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें।




**मिथुन**

मिथुन : निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। बीते समय के बारे में सोचना छोड़ वर्तमान में जीने का प्रयत्न करें। आकस्मिक ढ़ेर सारे तनाव मन पर प्रभावी होंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।




**कर्क**

कर्क : भविष्य संबंधी योजनाएं मन में प्रभावित होंगी। मन अच्छे विचारों से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।



**सिंह**

सिंह : सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नई आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।




**कन्या**

कन्या : आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों में लेकर मन चिंतित होगा।




**तुला**

तुला : महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा। मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सान्निध्य ऊंची प्रगति के लिए प्रेरित करेगा।



**वृश्चिक**

वृश्चिक : कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। मन नई धनागम की युक्तियों पर केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा। किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है।




**धनु**

धनु : मधुरवाणी से सगे-संबंधों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे।




**मकर**

मकर : पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधियों के बीच क्षमायाचना करें और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसका प्राश्चित भी करें।



**कुंभ**

कुंभ : परिवार को एकजुट रखने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा। पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें।



**मीन**

मीन : पुरानी बातों को भूल वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंत्रणरखें और कर्तव्यनिष्ठ बनें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूरे करें।

# दुर्घटना से बचाने पुलिस पदयात्रियों के पिट्ठू बैग में लगा रही रेडियम पट्टी



राजनांदगांव (दावा)। शहर की यातायात पुलिस देर से जाग कर अब पदयात्रियों के पिट्ठू बैग में रेडियम पट्टी लगाने का काम कर रही है।

बता दें कि नवरात्रि पर्व में मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्री सुरक्षा में हुई चुक के चलते दो लोग मौत की शिकार हुए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात पुलिस अब कहीं जाकर जागते हुए उक्त पदयात्रियों को दुर्घटना से बचाने उनके पिट्ठू बैग में रेडियम पट्टी लगाने की शुरुआत की है।

यातायात पुलिस का कहना है कि अभी नौ दिनों तक शारदीय नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मॉ बम्लेश्वरी दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पहुँच रहे है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पदयात्रियों की दुर्घटनाओं से बचाव हेतु पदयात्री मार्ग में ड्यूटी पर तैनात पुलिस द्वारा पदयात्रियों के पीछे बैग में रेडियम लगाया जा रहा है, जो वाहनों की रोशनी पड़ते ही चमकते है जिससे पदयात्री को आसानी से देखा जा सकता है। रेडियम पट्टी लगने से दुर्घटनाओं की आशंका कम होती है।

### अंजोरा बायपास से रामदरबार चौक तक वन- वे

बताया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग में श्रद्धालु पदयात्रियों के लिए अंजोरा बायपास से रामदरबार तक दाहिने ओर नागपुर-रायपुर मार्ग पदयात्रियों के लिए आरक्षित है, जिसे पूरे मार्ग में लगे पुलिस बल द्वारा सुरक्षित एवं सुगमतापूर्वक चलाया जा रहा है। वन-वे कर सभी हल्के एवं भारी वाहनों को बायी ओर रायपुर-नागपुर पर चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा कर रहे है। अतः अपने वाहन तेज गति से न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें। दुर्घटनाओं से बचे।

## चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के गंज मंडी में गणेश विसर्जन झांकी के दौरान धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस के इस अभियान के तहत हो-हुल्लड़ करने वाले आरोपी भी धरे गए हैं। पुलिस ने उक्त घटना के दो आरोपियों के पास से धारदार चाकू जब्त कर उन्हें आर्म्स एक्ट के तहत जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन पर अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के दिशा निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कडी में विशेष अभियान के तहत मंगलवार 23 सितंबर को मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई कि गंज मंडी परिसर में नवरात्रि झांकी पर्व के दौरान 02 व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले आम जनता को डरा धमका रहे है।

# बंधी मुट्ठी लाख की और खुली मुट्ठी खाक की



**105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी**

डोंगरगढ (दावा)। 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी ने कहा कि गुरु जी तुम इस तरह उठे कि आसमान बन गये, सारे जहाँ के वास्ते ईमान बन गए, हम तुम्हारे सानिध्य में रहकर इंसान न बन सके और तुम हमारे मध्य रहकर भगवान बन गये।' चातुर्मास का नाम ही 'गुरुवयणं भक्ति निर्झर चातुर्मास' रखा है जिससे यहाँ चंद्रगिरी मंदिर और विद्यासागरोदय समाधी स्मारक का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। आज वह दिन आ ही गया जब गुरु जी की समाधि स्मारक का कार्य शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हुआ। आप सभी यहाँ इस कार्य के लिए उपस्थित हुए।निश्चित ही यह आपकी गुरु के प्रति अपार भक्ति और समर्पण ही है जो उनके जाने के बाद भी आप लोग उनके परोक्ष में उनके परिकल्पों को पूर्ण करने में लगे हुए हैं।

उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये चंद्रगिरी के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री निर्मल जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, विनोद जैन (कोयला परिवार बिलासपुर), विनोद बडजात्या (रायपुर, जशपुर), दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव सुरेश चन्द जैन, राजेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, नितिन जैन, निशांत जैन, सुशील जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, निखिल जैन, सोपान जैन, अमित जैन, दीपेश जैन, नरेश जैन, सप्रेम जैन एवं सभी सदस्यों ने प्रतिभास्थली कि ब्रह्मचारिणी दीदियों का, छात्राओं का, सम्पूर्ण जैन समाज का एवं बिलासपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, भिलाई, दुर्ग, राजनंदगांव, डोंगरगांव आदि बाहर से आये समाज के पदाधिकारिगण, गुरु भक्तों को सादर अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी है।

## पहला कॉलम...

### नवरात्रि सेवा पंडाल में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, जिला पत्रकार संघ कर रहा जनसेवा




खैरागढ़ (दावा)। नवरात्र पर्व पर जिला पत्रकार संघ द्वारा नया बस स्टैंड अम्बेडकर चौक के पास सेवा पंडाल लगाया गया है। जहां संघ के सदस्य लगातार सेवा कार्य में जुटे हैं। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर ने बताया कि पहले दिन से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी है और भीड़ प्रतिदिन बढ़ रही है। पदयात्रियों की सुविधा के लिए पंडाल में मेडिकल सेवा उपलब्ध कराई गई है। जिन श्रद्धालुओं के पैरों में छाले पड़ रहे हैं, उनके लिए पट्टी की व्यवस्था की गई है, साथ ही थके यात्रियों के लिए आराम की भी सुविधा है। सेवा पंडाल में चाय-बिस्कुट, फल और पोहा वितरित किए जा रहे हैं। नवरात्रि के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ और अधिक बढ़ गई है। इस पंडाल में जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यगण अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

### गतका खेल में बेलगांव के 12वीं के छात्र करण ठाकुर का चयन



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। लोक शिक्षण संचनालय रायपुर के द्वारा राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की गई है।जिसमें गतका खेल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव के 12वीं के छात्र करण ठाकुर का चयन शालेय राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता लुधियाना पंजाब के लिए हुआ है। 25वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता राजनांदगांव में गतका के फारी सोटी टिम इवेंट में बेलगांव के छात्र करण ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था। करण ठाकुर की इस उपलब्धि पर, ग्राम पंचायत के सरपंच कौशल चंद्रवंशी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं उपसरपंच योगेश साहू, सभी पंच, पूर्व सरपंच छबील साहू, नीरज शर्मा व शाला की प्राचार्या श्रीमती कालिंदी तिवारी, कक्षा शिक्षक सहित सभी स्टाफ गण सभी ग्राम वासी , एवं मित्रगण द्वारा शुभकामनाएं दी है. यह जानकारी व्यायाम शिक्षक तरुण कुमार वरकड़े से प्राप्त हुई।

### बारिश की भेंट चढ़ा रास गरबा उत्सव स्थगित, नई तिथि की जल्द सूचना देंगे आयोजक



खैरागढ़ (दावा)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर दशहरा उत्सव समिति के तत्वधान में राजा फतेह सिंह खेल मैदान में बुधवार से शुरू होने वाला तीन दिवसीय रास गरबा कार्यक्रम खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया है। प्रतिवर्ष की भांति यह भव्य आयोजन बुधवार 24 से शुक्रवार 26 सितंबर तक आयोजित होना था।

आयोजक समिति ने बताया कि आज सुबह से लगातार हो रही बारिश के कारण कार्यक्रम को आगामी तिथि के लिए टालना पड़ा है। समिति ने कहा कि नई तिथि की सूचना जल्द ही साझा की जाएगी। प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आयोजकों ने सभी से अपडेट के लिए सोशल मीडिया और स्थानीय समाचार चैनलों पर नजर बनाए रखने का आग्रह किया है।

### आज कुम्हीनाला और छिंदारी बांध में आपदा पर मॉक ड्रिल

खैरागढ़ (दावा)। जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार 25 सितम्बर, दोपहर 2 बजे छुईखदान स्थित छिंदारी बांध तथा तहसील खैरागढ़ के कुम्ही नाला में सुबह 10 बजे में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यह केवल एक प्रशिक्षण अभ्यास है, अतः किसी प्रकार की घबराहट की स्थिति न उत्पन्न करें। अभ्यास के दौरान अफवाहों से बचें और दूसरों को भी सही जानकारी दें। जिला प्रशासन ने कहा है कि मॉक ड्रिल की सफलता में जनता का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस दौरान शांति बनाए रखना और प्रशासन के निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

## राजनांदगांव-डोंगरगांव स्टेट हाईवे की बदहाल स्थिति को लेकर सौंपा ज्ञापन



डोंगरगांव (दावा)। जिला मुख्यालय से डोंगरगांव 26 किलोमीटर लंबे स्टेट हाईवे की जर्जर स्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर की और ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि सड़क की दुर्दशा इस हद तक है कि यहां चलना मुश्किल हो गया है। सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है। डामर पूरी तरह से घिस चुका है और सड़क दिशा हीन हो चुकी है। इस मार्ग से भारी वाहनों के साथ-साथ रोजाना बड़ी संख्या में राहगीरों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। खासकर कामकाजी महिलाओं और पढ़ने वाली युवतियों को काफी दिक्कत है। ज्ञापन सौंपने के दौरान क्रांति बंजारे सदस्य पूर्व जिला पंचायत राजनांदगांव ने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। साथ ही कहा गया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ मजबूर होकर चक्का जाम या आंदोलन करना पड़ेगा। जिसकी जवाबदेही शासन व प्रशासन की होगी।

रोहित सोनकर संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस ने कहा कि राजनांदगांव से ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति लगातार हादसों को जन्म दे रही है। मार्ग पर बने गड्ढों और खराब हालत की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। इस पर एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम ने आश्वासन दिया कि वर्तमान में सड़क के गड्ढों की मरम्मत कार्य को तत्काल शुरू करवाया जाएगा तथा शीघ्र ही सड़क निर्माण का कार्य भी चालू किया जाएगा। इस दौरान सोनू साहू युवा नेता, मुकेश, राजू, निर्भय पटेल, कन्हैया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मंडल साहू समाज अंडी के अध्यक्ष चुने गए हरीश साहू



डोंगरगढ़ (दावा)। हरीश साहू मंडल साहू समाज अंडी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। दिनांक 23 सितंबर को मंडल परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें 8 ग्राम के साहू समाज प्रमुख उपस्थित थे। निर्वाचन प्रक्रिया में ब्लॉक साहू समाज डोंगरगढ़ से हेमंत साहू संरक्षक कुलदीप साहू सचिव एवं कचरू राम हिरवानी निर्वाचन कर्तव्य अधिकारी के रूप में आए उपस्थित थे।जिनके सानिध्य में निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में हरीश साहू को निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष के रूप में दीपक साहू एवं प्रेम साहू संगठन सचिव के रूप में इंद्र कुमार साहू एवं पूर्णिमा साहू को निर्वाचित किया गया। सचिव के रूप में हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष जनक राम साहू को निर्वाचित किया गया। ग्राम बरनालाकला पनियाजोब सॉरीटोला अंडी डूमरटोला, खरकाटोला, फकीरटोला के सभी साहू समाज ग्राम प्रमुख निर्वाचन में उपस्थित थे। शांतिपूर्ण ढंग से शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न हुआ।

## नवोदय विद्यालय में चयन हेतु प्रथम निःशुल्क मेगा मॉक टेस्ट में 350 बच्चों ने लिया हिस्सा



डोंगरगांव (दावा)। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा जिला साहू सदन बसंतपुर राजनांदगांव में सर्व समाज हेतु तीन वर्षों से निरंतर निःशुल्क कोचिंग संचालित है। नवोदय विद्यालय में चयन हेतु मेगा मॉक टेस्ट स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगांव में आयोजिय हुआ। इस टेस्ट में जिले भर से 350 बच्चों ने हिस्सा लिया। साथ ही टेस्ट में टॉप टेन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मैडल व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य भरत देवांगन व पारख प्रकाश सोनबोइर द्वारा पुरस्कार दिया गया। परीक्षा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में जिला संयोजक यशवंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, बीईओ आर.एल.पात्रे, एबीईओ जयंत साहू, महेश्वर साहू उपाध्यक्ष, ताम्रध्वज साहू, पुरूषोत्तम साहू, प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, सचिव अनिल साहू, मिलन साहू, राघवेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, तिजेंद्र साहू, छन्नू लाल साहू, लविंद्र साव, डॉ. चेतन साहू, धर्मेंद साहू, भगवती साहू, रामचंद्र साहू, भीखू राम साहू, केशव गंजीर, पवन साहू, भोज गंजीर आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## भाजपा ने जिले की लंबे समय से प्रतीक्षित जिला पदाधिकारियों की घोषणा की





**नीलिमा उपाध्यक्ष, नवनीत और शशांक महामंत्री, यतीश मिडिया प्रभारी नियुक्त**

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से खैरागढ़ छुईखदान-गंडई जिला भाजपा अध्यक्ष बिशेसर साहू ने भारतीय जनता पार्टी की जिला खैरागढ़ छुईखदान-गंडई इकाई की बुधवार को अपने नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें नए घोषित पदाधिकारियों में क्षेत्रीय संतुलन, जातीय प्रतिनिधित्व और संगठनात्मक समीकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। इस घोषणा में युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ दी गई हैं, ताकि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके। साथ ही वरिष्ठ और अनुभवी कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक एवं मार्गदर्शक भूमिकाएँ सौंपी गई हैं,जिससे संगठन उनकी अनुभवजनित सलाह और दिशा से लाभान्वित हो सके। भारतीय जनता पार्टी सदैव सामूहिक नेतृत्व और संगठन की मजबूती को प्राथमिकता देती है। जिला पदाधिकारियों की यह नई टीम क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक गतिशील बनाएगी तथा आम जनता के बीच संगठन की पहुँच को विस्तारित करेगी। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास प्रकट किया है कि नई टीम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और छत्तीसगढ़ भाजपा के मार्गदर्शन में संगठन सेवा, समर्पण और सद्भावना की भावना के साथ कार्य करेगी।

### ग्रामीणों और शिक्षकों ने की शाला परिसर की सफाई

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम अड़ाम के शासकीय प्राथमिक शाला में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 24 सितम्बर बुधवार जन समुदाय के सहयोग से शाला परिसर की सफाई की गई। साथ ही बच्चों के द्वारा चित्रकला, स्वच्छता नारा, जल और पेड़ बचाकर प्रकृति की सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। प्रधानपाठक महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में शिक्षिका कोनिका सोनी के द्वारा शिक्षिका सरिता टांडेकर के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया। श्रीमती सोनी ने बताया कि शासन के आदेशानुसार बुधवार व गुरुवार को स्वच्छता स्कूल प्रदर्शनी दिवस के रूप में मनाया जाना है। जिसमें छात्रों के द्वारा कविताएं, नारे, चित्रकला, मॉडल, क्विज आदि क्रियाविधि विद्यालय में कराया गया। साथ ही स्थानीय सामग्री से उपयोगी कलाकृति व डस्टबिन बनाना बताया गया और उसके उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान गांव के ग्रामीणों ने भी स्वच्छता पखवाड़ा के कार्यक्रम में अपना श्रमदान करके साला परिसर को साफ किया। बात दें कि स्वच्छता पखवाड़ा हेतु कार्ययोजना तैयार किया गया है।

## मां बम्लेश्वरी पदयात्रा सेवा समिति द्वारा दिए जा रहे प्रसादी भंडारा में पहुंचा, भक्तजनों का हुजूम



**समिति द्वारा विगत 25 वर्षों से की जा रही है पद यात्रियों की सेवा**

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। डोंगरगढ़-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर स्थित आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव में मां बमलेश्वरी पदयात्रा सेवा समिति द्वारा दिए जा रहे प्रसादी भंडारा में माता के भक्त जनों का हुजूम देखने को मिल रहा है। दुर्ग -राजनांदगांव मार्ग से मोतीपुर, सुकुल दैहान होते हुए जबसे पद यात्रियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा सरल और सुगम मार्ग तय किया गया है तब से बेलगांव के मां बमलेश्वरी पदयात्रा सेवा समिति तथा समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से क्वांर एवं चैत्र नवरात्र में विशाल भंडारा का आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से विगत 25 वर्षो से माता के भक्तों के लिए प्रसादी भंडारा में पद यात्रियों के लिए शुद्ध भोजन के अलावा आराम करने की उत्तम व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्नान के लिए बोर की व्यवस्था, मोबाइल चार्ज की व्यवस्था,भंडारा पंडाल में ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। भक्तों के सेवा कार्य में लगे समाजसेवी अपने बड़े-बड़े व्यापार को छोड़कर मां बमलेश्वरी पदयात्रियों की सेवा में समिति के सदस्य निस्वार्थ रूप से सेवा कार्य में लगे हुए हैं। समिति के माध्यम से सेवा कार्य में प्रमुख रूप से समाज सेवी शैलेश गोयल, लेखराम साहू, शैलेश अग्रवाल, चीनू अग्रवाल, कुंदन गोस्वामी, ग्राम पंचायत बेलगांव भीखमचंद जैन एतेंद्र नाथ एवं समिति के सभी सदस्य तथा ग्रामवासी अपनी सेवा दे रहे हैं।

# जीएसटी दरों में कमी से व्यापार को मिलेगा बढ़ावा, आमजन को राहत - विक्रांत सिंह



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरिया में जीएसटी दरों में की गई कटौती के समर्थन में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में ग्राम के व्यापारियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और केंद्र सरकार, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस जनहितैषी निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। रैली में सम्मिलित लोगों का कहना था कि जीएसटी दरों में की गई कटौती से व्यापार करना सरल होगा और महंगाई पर भी अंकुश लगेगा, जिससे आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे व्यवसायियों और उपभोक्ताओं के लिए यह निर्णय बेहद राहतदायक साबित होगा।

### वार्ड क्रमांक 03 में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

इसी अवसर पर ग्राम पंचायत अतरिया के वार्ड क्रमांक 03 में दो लाख की लागत से बनने वाली नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने पूजा-अर्चना कर नाली निर्माण कार्य का भूमिपजन किया। भूमिपूजन के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि नाली के निर्माण से मोहल्ले में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। इससे बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं का विकास गाँव की उन्नति के लिए आवश्यक है और पंचायत इस दिशा में लगातार काम कर रही है।

### ग्राम पंचायत के सरपंच की विकास कार्यो के लिए सराहना

श्री सिंह ने ग्राम पंचायत अतरिया की सरपंच की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधि लगातार गाँव के विकास के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गाँव के नागरिकों को भी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए और गाँव के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की जानकारी उच्च अधिकारियों तक नियमित रूप से पहुंचाई जानी चाहिए, ताकि शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन समय पर हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे साफ-सफाई, जल संरक्षण और पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यों में सहयोग प्रदान करें।

### कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थित

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता हरप्रसाद वर्मा, देवकुमार सेन, पूर्णाचंद गुप्ता, बिमला हरप्रसाद वर्मा एवं आशीष पारख उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम पंचायत अतरिया में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की और पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी।

### जीएसटी दरों में कमी पर व्यापारियों और नागरिकों में हर्ष

कार्यक्रम के दौरान विक्रांत सिंह ने ग्रामवासियों एवं व्यापारियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती का सीधा लाभ आमजन को मिलेगा और इससे देश में व्यापारिक वातावरण और अधिक सकारात्मक होगा। व्यापारियों और नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे बाजार में नई ऊर्जा का संचार होगा। लोगों ने कहा कि यह निर्णय सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। रैली और कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी-रैली एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। गाँव की गलियों से होते हुए निकली रैली में जनसमर्थन साफ दिखाई दिया। सभी ने एक स्वर में मोदी सरकार के फैसले की तारीफ करते हुए जीएसटी दरों में कटौती को सही दिशा में उठाया गया कदम बताया। यह आयोजन न केवल एक सरकारी निर्णय के समर्थन में जनभावनाओं को प्रकट करने का माध्यम बना, बल्कि गाँव में विकास की नई शुरूआत का भी प्रतीक बना।

# सेवा परववाड़ा अंतर्गत भाजपा मंडल कौड़ीकसा में 156 यूनिट रक्तदान एवं तारमटोला में सांसद खेल महोत्सव सम्पन्न

अंबागढ़ चौकी (दावा)। सेवा परववाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत आज भाजपा मंडल कौड़ीकसा द्वारा आयोजित हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम कौड़ीकसा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन सिंदूर के नाम रक्तदान महादान शिविर का भव्य आयोजन किया गया जिसमें 150 रक्तवीरों एवं रक्तविरांगनाओं ने स्वत: ही राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ 150 यूनिट रक्तदान कर अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाने में सहयोग प्रदान किये। इसके साथ ही समस्त रक्तवीरों को सम्मान पत्र व सड़क सुरक्षा हेतु एक एक हेलमेट भी प्रदान किया गया।




रक्त मित्र फ़नेंद्र जैन ने बताया की कौड़ीकसा मंडल पिछले कई वर्षों से सफल रक्तदान शिविर का आयोजन करता आ रहा है एवं समिति द्वारा सभी मरीजों की सेवा भी साल भर फनेंद्र जैन के माध्यम से राजनांदगांव चौकी एवं रायपुर में भर्ती मरीजों की जाती हैं, जनक सोनवानी ने कहा कि रक्तमित्र फ़नेंद्र जैन के सहयोग से हमारी समिति पूरे जोश से वर्ष भर सेवा कार्य करती हैं, हेलमेट संगवारी धर्मेंद्र साहू, नंदेश्वर गौशाला संयोजक सिद्धम चोपड़ा, एवं हितेश जैन रक्तदान शिविर में अग्रणी भूमिका निभाई एवं ग्राम तारमटोला में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न खेल सम्पन्न हुआ। एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा परिसर पर एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण भी किया गया।

उक्त अवसर पर मुख्यातिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री संतोष पाण्डे, विशेष अतिथि श्रीमती नम्रता सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, श्रीमती गीता साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, अनिल जैन भाजपा जिला महामंत्री, श्रीमति शांति त्रिपुरे जिला पंचायत सदस्य, विजय जैन जिला उपाध्यक्ष, समाज सेवी रक्तमित्र फनेन्द्र जैन (130 रक्तदानी), हितेश जैन (सहयोगी), संदीप साहू मण्डल अध्यक्ष, गुलाब गोस्वामी पूर्व मण्डल अध्यक्ष चौकी, पवन गुप्ता नगर पंचायत उपाध्यक्ष, श्रीमती सुशीला गांवरे जिला मंत्री, अमीत श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष मोहला, देवप्रसाद नेताम भाजयुमो जिलाध्यक्ष, नंदकुमार अमरिया, झनक सोनवानी महामंत्री द्वय मनोज कोरटीया, शत्रुघन चुरेन्द्र जनपद सदस्य एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष, श्रीमती सुरेखा मण्डावी जनपद सदस्य, एकलव्य साहू, शुभम लाटा, आशीष घीया, मार्शल सर, बागड़े सर, डिप्टी रेंजर पाल, वरिष्ठ नेता गण लक्ष्मण देवांगन, नोहर धनंजय, शिवचरण अमरिया, सी पन्ना, खोमन मेश्राम, आर आर निषाद, टोडर कौशिक, भूपेंद्र कोर्राम, रामचंद सिन्हा, ज्ञानचंद कुम्भज, श्रीमती लक्ष्मी कुल्हारा, विक्रम दुग्गा, मानिक साहू, धनेश कोलियारे, गैंद लाल साहू, हेमन्त भारद्वाज, सीमा कोर्राम सरपंच, लक्ष्मण धलनिया, पारथ सिंह ठाकुर, विजय फरदीया, भुनेश चंद्रवंशी, आनंद मण्डावी, विश्वनाथ ठलाल, विजय सिन्हा, शंकर खोभा, श्रीमति कंचन कमेटी सरपंच, बंसी जुरेशिया, सतीश राजपूत, मेघनाथ नायक, पीताम्बर सेन, लोतन कुमार, याकिब जिलानी, मोहन सिन्हा, रामकिशुन सोनी, चन्द्रकला हुमने एवं समस्त देवतुल्य कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति में सम्पूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि अनुष्ठान प्रारंभ, 30 को होगी पूर्णाहूति

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली दरवाजा समीप स्थित गायत्री शक्ति पीठ में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि अनुष्ठान का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ संपन्न हो रहा है। यह संपूर्ण आयोजन परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी एवं माता भगवती देवी शर्मा जी के सूक्ष्म संरक्षण में सम्पन्न हो रहा है।



**मंदिर में पूजा-आराधना की बह रही बयार**

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में स्थित माता गायत्री मां सावित्री व माता कुंडलिनी के दिव्य दर्शन से श्रद्धालु -भक्त जनों की मनोकामना पूर्ति होती है। उन्होंने बताया कि पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य द्विवेदी प्रज्ज्वलित किए गए अखंड दीप यहां आज भी जल रही है। जिसका दर्शन लाभ कारी है। बताया गया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम 30 सितम्बर, दिन मंगलवार को किया जाएगा।

शारदीय नवरात्र के इस पावन अवसर पर 30 सितंबर को प्रातः 9.30 बजे से पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञ के साथ-साथ विभिन्न संस्कारों (दीक्षा संस्कार, उपनयन, नामकरण,मुंडन आदि) का भी आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान के पश्चात् सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने श्रद्धालु भक्तों, नागरिकों एवं परिजनों से निवेदन किया है कि वे सपरिवार पधारकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएँ और यज्ञ, संस्कार, महाप्रसादी तथा त्रिमूर्ति माताओं के दर्शन से आत्मिक शांति, सुख-समृद्धि एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करें।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलपूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलपूर्वक सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदनों पर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, मुआवजा राशि दिलाने, फसल बीमा, अतिक्रमण हटाने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# कोकपुर परिक्षेत्र मे बेलस साहू अध्यक्ष निर्वाचित

कोकपुर (दावा)। डोंगरगाव तहसील अंतर्गत कोकपुर परिक्षेत्र में साहू समाज का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें आसरा निवासी बेलस राम साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष हेमंत कुमार साहू सांगिनकछार, उपाध्यक्ष महिला मोहनी बाई साहू कोकपुर, संगठन सचिव गोविंदा साहू चिद्दो, संगठन सचिव महिला मीना साहू गाताटोला भी निर्वाचित हुए।



शांति पूर्ण माहौल में संपन्न चुनाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों के लिए मतदान हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु वर्तमान अध्यक्ष प्यारेलाल साहू व बेलस साहू चुनावी मैदान में थे, जिसमें बेलस साहू ने जीत दर्ज की. उपाध्यक्ष पुरुष पद में निर्वाचन हुआ जिसमें हेमंत साहू निर्वाचित हुआ. शेष पदों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ. तहसील साहू संघ डोंगरगांव के पदाधिकारी संरक्षक अमरनाथ साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष शिवराम साहू, मीना साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, दौवाराम साहू सभी ने मंडल परिक्षेत्र कोकपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र देते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। निर्वाचन पर्यवेक्षक चेतन दास साहू, मूलचंद साहू, निर्वाचन अधिकारी एन.डी. साहू, सरोज साहू थे।

इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, खेमचंद साहू, पोवाराम साहू, बिस्मबर साहू, रमेश साहू, दयाराम साहू, परमानंद साहू, दयाल साहू, नूतन साहू, कमलेश साहू, घनश्याम साहू, देवेंद्र साहू, रमेश साहू, दिनेश्वरी साहू, श्यामलाल साहू, रामु साहू, कृष्णा साहू, गुमान साहू, वीरेंद्र साहू, शिवनारायण साहू, लेखराम साहू, कोमल साहू, तारस साहू, कौशल साहू, काशीराम साहू, सीताराम साहू, सोंनचद साहू, मुकेश साहू, नकुल साहू आदि सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन सममिलित हुए।

# जराही में नि:शुल्क विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला

राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर के नेतृत्व में पूरे मंडल में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज पहला कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन ग्राम जराही में किया गया। ग्राम के एवं आस पास के लोग इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया एवं ब्लड, शुगर, बीपी आदि समस्या का चेकअप भी करवाये।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष ने सबसे पहले सभी को ताली बजाकर मोदी जी के जन्मदिवस का बधाई दिये, साथ में उन्होंने मोदी के जीवन के बारे में बताया। मोदी जी को आज 75 साल पूरे हो गए और निरंतर देश का सेवा कर रहे है, कभी उनको आराम करते थके हुए नहीं देखे है। सौभाग्य है हमारा हमको मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला है। स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी साथ ही जराही के सरपंच एवं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद आभार व्यक्त किया। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत उपस्थित रहे सभी अतिथिगण, कार्यकर्तागण, ग्रामीणजन, साथ में स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारीगण मिलकें वृक्षारोपण भी किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिता सिन्हा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव, सभापति संकेत वैष्णव, जनपद सदस्य मंजु चंदेल, ललिता साहू, शुभम् पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश यदु, जगेश्वर साहू, राजेश्वरी साहू, मंडल महामंत्री राकेश साहू,यशवंत वर्मा, नोमेश वर्मा, शेखर यदु, मोहन साहू, हरिचंद सिन्हा, सरपंच बलराज साहू, संजय टंडन, ईश्वर साहू, डोमार साहू, पंकज वर्मा, मनीष लहरे, साथ में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कमला महिला कॉलेज में मनोविज्ञान परिषद का गठन, छात्राओं को सौपे गए दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 सितंबर 2025 को मनोविज्ञान परिषद् का गठन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर की उपस्थिति में विभिन्न पदों के लिए छात्राओं का मनोनयन किया गया।




एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्या जसवानी को परिषद का अध्यक्ष, आंचल सोनी को सचिव तथा संध्या यादव को कोपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं संतोपी यादव को उपाध्यक्ष तथा प्रियंका मानिकपुरी को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनोविज्ञान विभाग महाविद्यालय का एक प्रमुख विभाग है। परिषद् के माध्यम से छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विभाग की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ानी होगी।

विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने बताया कि दुर्ग विश्व विद्यालय के अंतर्गत संचालित एकमात्र मनोविज्ञान शोध केन्द्र हमारे महाविद्यालय में स्थित है, जो कि गौरव की बात है। अभी तक यहां से तीन छात्राओं को पीएचडी की उपाधि मिल चुकी है और वर्तमान में 10 शोधार्थी अध्ययनरत हैं।

कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक डॉ. मोना माखीजा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मनोविज्ञान की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। यह विषय करियर के अनेक रास्ते खोलता है। छात्राएं लगन और समर्पण से अध्ययन करें तो भविष्य में अपार संभावनाएं उनके सामने होंगी। कार्यक्रम का संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सिद्धी मिरानी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डाली कोमा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की समस्त छात्राएं मौजूद रहीं।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में दीया पॉट मेकिंग वर्कशॉप संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि के पावन अवसर पर कॉन्फ्लूएंस कॉलेज, राजनांदगांव में बेस्ट प्रैक्टिस सेल, ईको-क्लब, एल्युमनी एसोसिएशन एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'दीया पॉट मेकिंग वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, पर्यावरण के अनुकूल परंपराओं को बढ़ावा देना तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ाव स्थापित करना रहा। कार्यशाला में छात्रों ने मिट्टी से सुंदर दीये व पॉट्स बनाना सीखा और पारंपरिक कला को आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के संचालकगण डॉ. मनीष जैन एवं श्रीमान संजय अग्रवाल जी ने संयुक्त रूप से बताया कि यह गतिविधि न केवल विद्यार्थियों के लिए एक रचनात्मक मंच साबित हुई, बल्कि आत्मनिर्भरता और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को भी बढ़ावा मिला। संस्थान की प्राचार्या डॉ. रचना पांडेय ने सभी आयोजकों और प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को न केवल कला और संस्कृति से जोड़ते हैं, बल्कि उनके समग्र विकास में भी सहायक होते हैं।

# सी.आर.सी. में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा एवं बधिर सप्ताह शुरु

राजनांदगांव (दावा)। एन.आई. ई.पी.आई.डी. सिकंदराबाद के अंतर्गत संचालित सी.आर.सी. ठाकुरटोला के द्वारा 22 से 26 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा एवं बधिर सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है जिसमें आज 23 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। पूरे भारत देश में हर वर्ष 23 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बधिर और श्रवण-बाधित समुदाय के लिए सांकेतिक भाषाओं के महत्व को बढ़ावा देना तथा भाषाई और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाना है। सभी को समाज में अपनापन व भागीदारी का अवसर देती हैं।



इस कार्यक्रम का शुभारंभ आस्था स्कूल के बधिर और श्रवण-बाधित बच्चों एवं डिसली पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रगान एवं राज्य गीत के माध्यम से किया गया एवं अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का थीम का बधिर और श्रवण-बाधित बच्चों के द्वारा केक काटकर किया गया।

इस कार्यक्रम में विवेक सोनी, राहुल कुमार के द्वारा आस्था स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों को बेसिक साइन लैंग्वेज का प्रक्षिक्षण दिया गया जिसमें आज के पाठ्यक्रम में ग्रीटिंग, इंट्रोडक्शन ऑफ़ इमोशन एंड फिलिंग/कलर्स की जानकारी दिया गया द्य इस कार्यक्रम में श्रीमति स्मिता महोबिया निदेशक, अनिल कुमार बंजारे सहायक प्राध्यापक, गजेन्द्र कुमार साहू डिसली कोर्स कॉर्डिनेटर, पुनीत साहू, विवेक सोनी, राहुल कुमार, फरीदा, गोपेन्द्र, हेमंत आस्था मूकबधिर स्कूल के सभी छात्र-छात्राएँ व शिक्षक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लगभग 95 छात्र/छात्राएं शामिल हुए। यह कार्यक्रम विवेक सोनी कार्यक्रम समन्वयक के द्वारा सफल आयोजन किया गया।

# 10वें आयुर्वेद दिवस पर शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक चिखली में रन फॉर आयुर्वेद तथा नि:शुल्क आयुष चिकित्सा एवं औषधि वितरण शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। 10वें आयुर्वेद दिवस पर शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में रन फॉर आयुर्वेद तथा निःशुल्क आयुष चिकित्सा एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि विश्व में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा एवं योग के प्रति लोगों का रूझान तेजी से बढ़ रहा है। आयुष चिकित्सा पद्धति में सभी प्रकार की बीमारियों का उपचार किया जाता है। आयुर्वेद में स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं हो इसकी व्यवस्था है। दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं प्राणायाम को दैनिक जीवन शैली में शामिल कर व्यक्ति स्वस्थ रहता है। शिविर में 401 मरीजों का आयुष पद्धति से इलाज कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। विषय विशेषज्ञों द्वारा आयुष चिकित्सा पद्धति पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल, पार्षद श्री शैंकी बग्गा, श्री सुनील साहू, श्री सावन वर्मा, श्री शिव वर्मा, श्रीमती बैनाबाई तुरहटे, श्रीमती श्रुति लोकेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




**विषय विशेषज्ञों द्वारा आयुष चिकित्सा पद्धति पर दिया गया व्याख्यान**

10वें आयुर्वेद दिवस पर शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में रन फॉर आयुर्वेद को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रन फॉर आयुर्वेद शहर के विभिन्न मार्ग का भ्रमण कर वापस शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में समाप्त हुई। रन फॉर आयुर्वेद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद राशि एवं पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव से आयुष रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। आयुष रथ के शहर में आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा, अंकुरित बीज एवं नींबू शरबत का वितरण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, डॉ. अनमोल गुप्ता, डॉ. सृष्टि अग्रवाल, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षा बरैया, डॉ. आलोक कलचुरी, यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूबिना शाहिन अंसारी, योग चिकित्सा डॉ. भारती यादव एवं लाईफ स्टाईल के अंतर्गत डॉ. आनन्द सिंह भारद्वाज द्वारा चिकित्सा किया गया। नर्सिंग सिस्टर श्रीमती हेमलता बडा, श्रीमती अनुसूईया साहू, श्रीमती व्हीव्ही कीर्तिहरि, फुलेश कुमार निर्मलकर, रोहन पटेल, श्रीमती बिनेश्वरी यादव का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, अधिकारी, कर्मचारी, बच्चे एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# कोई भी कार्य यदि संगठित रूप से किया जाए तो वह अधिक प्रभावी एवं सफल होता है- प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के कप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा सत्र 2025-26 हेतु विभागीय छात्र परिषद का गठन एक गरिमामयी समारोह के माध्यम से किया गया।




इस आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. वी. रेवती उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष बेदप्रकाश साहू मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात आमंत्रित अतिथियों का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्य का स्वागत विभागाध्यक्ष बेद प्रकाश साहू द्वारा तथा विभागाध्यक्ष का स्वागत विद्यार्थी हर्ष यादव द्वारा किया गया। विद्यार्थियों को बैच लगाकर विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया।

नवगठित परिषद में अध्यक्ष झरना लाऊतरे, उपाध्यक्ष प्रिया जांबुलकर, सचिव कमला फुले, सह-सचिव रामेश्वर नाथ, कोषाध्यक्ष शिखर नामदेव एवं उमेश्वरी ठाकुर, मीडिया प्रभारी सोनिया कटंगी, अस्मिता सांगोड़े, चंचल मेश्राम का चयन किया गया। कार्यक्रम में पिछले वर्ष मुख्य परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान हेतु प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती ने परिषद के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि परिषद का अर्थ है संगठन। कोई भी कार्य यदि संगठित रूप से किया जाए तो वह अधिक प्रभावी एवं सफल होता है। परिषद के सदस्य न केवल विभागीय गतिविधियों में बल्कि महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में भी अपना योगदान दें। वहीं, विभागाध्यक्ष बेदप्रकाश साहू ने कहा कि परिषद विभाग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्राध्यापकों के साथ समन्वय स्थापित कर विभागीय गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग करता है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती एवं आभार प्रदर्शन हर्ष यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रेवती द्वारा सभी नवनियुक्त परिषद सदस्यों को शपथ दिलाई गई, जिसमें वे अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रतिज्ञा लेते हुए भविष्य में संस्था को गौरवशाली ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लेते दिखाई दिए।

# माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ अद्भूत परिक्रमा पथ - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

### विधानसभा अध्यक्ष ने क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का किया लोकार्पण

### परिक्रमा पथ में छत्तीसगढ़ में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतीक के रूप में की गई स्थापित

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ की परिकल्पना 2015 में की गई थी और यह परिकल्पना 2025 में पूरी हो रही है। माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ अद्भूत परिक्रमा पथ है। परिक्रमा पथ में छत्तीसगढ़ में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतीक के रूप में स्थापित की गई है। यह परिक्रमा पथ साढ़े तीन किलोमीटर लम्बा है। जिसमें फलदार, छायादार एवं विभिन्न प्रजातियों के 10 हजार से अधिक पेड़ लगाए गए है। डोंगरगढ़ आने वाले देश एवं प्रदेश के पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए यह परिक्रमा पथ आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ नगर के नागरिकों को प्रभात फेरी के लिए एक अच्छा स्थल मिल गया है। इस तरह परिक्रमा पथ श्रद्धा, सेहत एवं संस्कार के लिए भी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष तौर पर परिक्रमा पथ को बनाया गया है। परिक्रमा पथ पर बच्चों के मनोरंजन के लिए सिंह, हिरण एवं अन्य वन्यजीवों के चित्र भी बनाए गए है।



माँ बम्लेश्वरी के आशीर्वाद से परिक्रमा पथ का कार्य पूरा हो गया है। डोंगरगढ़ नगर माँ बम्लेश्वरी के साथ-साथ सर्वधर्म समन्वय का भी स्थान है, जहां सभी समाज के इष्ट देव विराजते है।वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण किया गया है। माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ की आधारशिला 2015 में रखी गई थी और यह आज पूर्ण हो गया है। डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ आस्था का केन्द्र बनेगा। परिक्रमा पथ स्वास्थ्य, श्रद्धा एवं संस्कार की दृष्टि से केन्द्र बिंदु है। बच्चे, बुजुर्ग सहित सभी वर्ग के लोग परिक्रमा करेंगे और स्वास्थ्य लाभ भी लेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, अध्यक्ष नगर पालिक परिषद रमन डोंगरे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मंडावी, पूर्व विधायक रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित ट्रस्ट समिति अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



राजनांदगांव (दावा)। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# कौशल विकास प्रशिक्षण से जीवन भर के लिए मिलता है हुनर - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



### विधानसभा अध्यक्ष लाईवलीहुड कॉलेज ग्राम सांकरा में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

### कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को वितरण किया गया ऑफर लेटर

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम सांकरा स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित ऑफर लेटर वितरण सह राजमिस्त्री प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सांकरा में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को क्वांर नवरात्र पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कौशल उन्नयन के लिए कॉलेजों की स्थापना की गई और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के बड़े-बड़े शहरों में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिले, इसके लिए योजना का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कौशल का कार्य आना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने चीन एवं जापान यात्रा के दौरान हुए अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इन देशों की 80 से 85 प्रतिशत आबादी किसी न किसी क्षेत्र में हुनरमंद है। छोटे-छोटे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर बड़े-बड़े कार्य किए जा सकते हैं। विकसित देशों में कौशल उन्नयन के सबसे ज्यादा कार्य हो रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शासन की कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं का कौशल विकास हो रहा है और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमिस्त्री का कार्य पहले पुरूष ही करते थे, लेकिन शासन ने महिलाओं को भी प्रशिक्षण प्रदान कर राजमिस्त्री बनने का अवसर दिया है। साथ ही कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत गारमेंट मेंकिंग, टूरिजम एण्ड हॉस्पिटालिटी, इलेक्ट्रिशियन, सोलर पैनल सहित अन्य पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के अवसर मिल भी रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत बड़ी संख्या में सोलर पैनल लगाया जा रहे है, इससे रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त करने से जीवन भर का हुनर मिलता है। उन्होंने कहा कि यहां से सोलर पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 28 हितग्राहियों को ऑफर लेटर का वितरण किया गया है एवं राजमिस्त्री कोर्स में 30 हितग्राहियों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को 200 रूपए प्रति दिवस का मानदेय खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को प्रतिकात्मक रूप से चाबी का वितरण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में लाईवलीहुड कॉलेज की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राजनांदगांव जिले में सबसे पहले प्रशिक्षण की शुरूआत की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष 820 युवाओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक प्रशिक्षण के लिए 220 युवाओं का पंजीयन किया जा चुका है। लाईवलीहुड कॉलेज में 150 प्रशिक्षणार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। 30 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, जिन्हें आज ऑफर लेटर दिया जा रहा है। साथ ही योजना के तहत दैनिक मजदूरी करने वाले 60 श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ ही श्रमिकों को 200 रूपए प्रति दिवस का मानदेय दिया जाएगा और प्रशिक्षण उपरांत किट भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को संरपंच ग्राम पंचायत सांकरा श्रीमती भानेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देव कुमारी साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, मूलचंद भंसाली, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह एसडीएम गौतम चंद पाटिल, श्रम पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षणार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**भूखंड बेचना है**

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।

अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

नोट : - अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।




# प्रबुद्ध जनसम्मेलन में जीएसटी रिफॉर्म एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान की कार्यशाला होगी

### प्रतिभाशाली दिव्यांगों का होगा सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के पावन प्रसंग पर प्रबुद्ध जन पखवाड़ा सेवा समिति द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार के प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन 25 सितंबर को दोपहर 1 बजे को सिंधु भवन, हेमू कालानी नगर लालबाग में किया जा रहा है। जिसमें वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल वक्ता के रूप में सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। प्रबुद्ध जन सेवा पखवाड़ा समिति के संयोजक योगेश बागड़ी, राजा माखीजा, आलोक बिंदल, राजेश खांडेकर एवं अमर लालवानी ने बताया कि प्रबुद्ध जन सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना, जीएसटी रिफॉर्म की कम दर होने पर लोगों को जागरूक किया जाएगा और प्रतिभाशाली दिव्यांगजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही मोदी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रबुद्ध जन समिति के अनुसार कार्यक्रम में समाज के प्रमुख, चार्टर्ड अकाउंटेंट, जीएसटी से जुड़े हुए व्यापारी बंधु, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रतिनिधि, अधिवक्तागण, प्रोफेसर एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के सुधीजन विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com